नई दिल्ली
शुक्रवार 24 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 96
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### नीट पेपरलीक पर संसद में नहीं थमी रार, चौथे दिन भी नहीं चली कार्यवाही

# लोकसभा में सत्ता पक्ष बोला, हम चर्चा को 100% तैयार जबकि विपक्ष प्रधान के इस्तीफे से कम पर राजी नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते कुछ दिनों से नीट पेपरलीक को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में जारी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के मामले पर संसद में सरकार के खिलाफ छिड़ा विपक्ष का संग्राम गुरुवार को भी जारी रहा। जिसमें मुख्य मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की ही रही, इससे कम उन्हें कुछ भी मंजूर नहीं है। वहीं, सरकार भी मामले पर दो टूक अंदाज में मामले पर चर्चा करने के लिए अपनी तरफ से ताल ठोक रही है। सुबह 11 बजे शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाही भी विपक्ष के इसी हो-हंगामे की वजह से दो बार के स्थगन के बाद शुक्रवार (24 जुलाई) तक के लिए स्थगित कर दी गई। नतीजा पहले की तरह सिफर रहा यानी सदन में कोई कामकाज नहीं हुआ। प्रश्नकाल और शून्यकाल दोनों बाधित हुए।



**विपक्ष बताए चर्चा का दिन और तारीखः बिरला**

सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत के साथ ही कांग्रेस के नेतृत्व में बाकी विपक्षी दलों के सांसदों ने पेपरलीक और युवा छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई पुलिस की कार्यवाही के विरोध में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप आकर हंगामा और नारेबाजी करना शुरू कर दिया। जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, इस्तीफा दो और धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ेगा, देना पड़ेगा जैसे नारे लगाने लगे। इसी शोरशराबे के बीच सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के कुछ सांसद जैसे सौगत राय ⏩ शेष पेज 5 पर

### शून्यकाल में उठाएं मुद्दा

लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे विपक्षी जनप्रतिनिधियों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए कहा कि यह सदन का बेहद महत्वपूर्ण समय होता है। जिसे शोरशराबे में इस तरह से नियमित रूप से बर्बाद न किया जाए। बिरला की इस अपील को हंगामा कर रहे सांसदों ने पूरी तरह से अनसुना कर सिरे से खारिज कर दिया। बाद में लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों को यह आश्वासन भी दिया कि प्रश्नकाल के बाद शून्यकाल में वह स्वयं उन्हें नीट के मामले को सदन में उठाने का भरपूर मौका देंगे। सरकार भी इस पर चर्चा करने के लिए तैयार है और वह भी इसे लोकसभा में और अधिक सुगम बनाएंगे। प्रश्नकाल के बाद होने वाली चर्चा में भाग लेने के लिए बिरला ने विपक्षी सांसदों से आग्रह किया।

### मुद्दा विपक्ष का है, चर्चा तो कीजिएः सैकिया

2 बजे भी सदन के हालात में कुछ भी तब्दीली नहीं आई। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने भी सदन में हंगामा कर रहे विरोधी दलों के सदस्यों से शांति के साथ गरिमा बनाए रखने और अपनी-अपनी सीटों पर जाकर बैठने की अपील की। साथ ही कहा कि पेपरलीक और उसे लेकर चल रहा प्रदर्शन विपक्ष का ही मुद्दा है, जिस पर सरकार भी चर्चा करने के लिए तैयार है। लेकिन सदन में मसले को उठाने के स्थान पर यूं पोस्टर, बैनर और स्टिकर लेकर नारेबाजी कर कार्यवाही में व्यवधान डालना कहीं से भी उचित नहीं है। सैकिया के इस अनुरोध का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा, विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। जिसके बाद पीठासीन सभापति ने कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

### युवाओं के भविष्य से नहीं होगा खिलवाड़ः रिजिजू

एक बार के स्थगन के बाद 12 बजे जैसे ही दोबारा लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत हुई। तब भी सदन के अंदर के हालात नहीं बदले। विपक्षी सांसद अध्यक्ष के आसन के समीप खड़े होकर पहले की तरह हंगामा और शोरशराबा करने लगे। जिसके साथ ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर बहस से भागने और उसे लेकर जबरन पूर्व शर्तें लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार देश के युवाओं के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। हम सदन में मामले पर व्यापक रूप से चर्चा करने के लिए तैयार हैं। विपक्ष सरकार को बताए कि वो किस दिन और तारीख पर कितने समय तक इसके लिए राजी हैं। हम मामले पर उनके मुताबिक ही सदन में आगे बढ़ेंगे। केंद्रीय मंत्री ने अपने बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए उस संदेश को भी दोहराया। जिसमें पीएम ने कहा है कि नीट पेपरलीक मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए ⏩ शेष पेज 5 पर

- सीजेपी का देश के हर जिले में शांतिपूर्ण प्रदर्शन आज, अभियान का नारा 'हर जिला, एक दिन, एक मांग'
- सरकार आपकी सुविधा और समय के अनुसार सभी मुद्दों पर बातचीत के लिए तैयारः जितेंद्र सिंह
- सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करे। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगेः सीजेपी
- दीपके बोलेः प्रधानमंत्री जी, प्रधान का इसतीफा ले लीजिए वरना बात आपके इस्तीफे पर आ जाएगी

## सरकार ने बातचीत के चार प्रस्ताव भेजे पर कॉकरोच प्रधान के इस्तीफे पर अड़े

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार और आंदोलनरत छात्रों के बीच बातचीत की कोशिशें पटरी पर नहीं चढ़ पा रही हैं। इस बीच कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी ने आज शुक्रवार को देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए चार बार ऑफर भेजा जा चुका है। हालांकि, सीजेपी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करे। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने कल दोपहर से उनके प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के लिए चार औपचारिक प्रस्ताव भेजे हैं...हमारे युवा दोस्तों के लिए यह एक खुला निमंत्रण है कि सरकार आपकी सुविधा और समय के अनुसार सभी मुद्दों पर बातचीत के लिए तैयार है। कॉकरोच जनता पार्टी ने 24 जुलाई को देशभर के हर जिले में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पार्टी ने इस अभियान का नारा 'हर जिला, एक दिन, एक मांग' रखा है। पार्टी ने बड़ी संख्या में छात्रों और आम नागरिकों को इस प्रदर्शन से जुड़ने की अपील की है। 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के नेतृत्व में छात्रों का प्रदर्शन 20 जून से जारी है। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री को खुली चेतावनी दी है। दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एकबार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर ऐसा नहीं ⏩ शेष पेज 5 पर

#### इधर, पीएम मोदी ने दिलाया भरोसा

## पेपर लीक के सभी मामलों की फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया है कि पेपर लीक के सभी मामलों की त्वरित सुनवाई और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इसके तहत राज्य और केंद्र सरकारें मिलकर फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन करेंगी ताकि कानूनी प्रक्रिया में देरी न हो।

## सरकार मेहनती छात्रों का भविष्य खतरे में डालने वालों को बख्शेगी नहींः नवीन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीजेपी नेता नितिन नवीन ने घोषणा की कि सरकार मेहनती छात्रों का भविष्य खतरे में डालने वालों को बख्शेगी नहीं। उन्होंने कहा कि परीक्षा पेपर लीक जैसे मामलों में दोषियों को तुरंत और कड़ी सज़ा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएंगे, जिससे युवाओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को कहा कि सरकार देश के युवाओं की उम्मीदों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग मेहनती छात्रों का भविष्य खतरे में डालेंगे, उन्हें इसके नतीजे भुगतने होंगे। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले भी कहा है और अब भी कहते हैं कि वह हर मामले की जांच कराने के लिए तैयार हैं। वह फास्ट-ट्रैक कोर्ट लाएंगे ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। वह यह पक्का करेंगे कि कोई भी दोषी बख्शा न जाए। देश और दुनिया जानती है कि नरेंद्र मोदी के संकल्प का मतलब उसे पूरा करना होता है। एक्स पर एक पोस्ट में, नवीन ने ज़ोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हमारी सरकार हमारे युवाओं की आकांक्षाओं, कड़ी मेहनत और भविष्य की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने परीक्षा के पेपर लीक जैसे अपराधों में शामिल लोगों को जल्द और कड़ी सज़ा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने की भी घोषणा की। नबिन ने कहा कि परीक्षा का पेपर लीक होने ⏩ शेष पेज 5 पर

> पीएम ने भरोसा दिया फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे, ताकि दोषियों को तुरंत और कड़ी सज़ा मिल सके

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### शिक्षा मंत्रालय के सचिव जोशी हटाए गए



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार की रात शिक्षा मंत्रालय में बड़ा फेरबदल करते हुए नरेश पाल गंगवार को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग का नया सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने आदेश दिया। केरल कैडर के 1994 बैच के आईएएस गंगवार, विनीत जोशी की जगह लेंगे, जिनका तबादला पंचायती राज विभाग के सचिव के रूप में कर दिया गया है। गंगवार मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय विभाग में थे।

## नीट पेपर चोरी के आरोपी संजीव मुखिया के छूटने का मामला वायरल हुआ तो आई सीबीआई की सफाई, नहीं मिला था कोई सबूत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट - यूजी) 2024 के प्रश्नपत्र चोरी मामले में सीबीआई ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि विस्तृत और वैज्ञानिक जांच के दौरान संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया की इस मामले में संलिप्तता का कोई प्रमाण नहीं मिला। जांच एजेंसी ने कहा कि इस संबंध में स्थिति वर्ष 2024 में ही स्पष्ट कर दी गई थी और अब उनके नाम को जानबूझकर छोड़े जाने का जो दावा किया जा रहा है, वह तथ्यात्मक रूप से गलत है। विदित हो छात्र आंदोलन के क्रम में सोशल मीडिया में गुरुवार को ये विषय जमकर वायरल हुआ कि मुखिया के खिलाफ सीबीआई द्वारा तीन महीने के अंदर आरोप पत्र दाखिल नहीं करने के कारण आरोपी छूट गए थे। सीबीआई ने इसे झूठ करार दिया है।

सीबीआई के अनुसार, वर्ष 2024 में बिहार पुलिस ने नीट 2024 परीक्षा के प्रश्नपत्र की चोरी का खुलासा किया था और इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच के दौरान संदेह के आधार पर संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया का नाम सामने आया था, क्योंकि उनका नाम पहले भी कुछ अन्य परीक्षा प्रश्नपत्र चोरी और लीक के मामलों में सामने आ चुका था। इसी आधार पर बिहार पुलिस ने उन्हें एफआईआर में आरोपी बनाया था।

बाद में इस पूरे मामले की जांच केंद्र सरकार ने सीबीआई को सौंप दी। जांच एजेंसी ने व्यापक जांच के दौरान प्रश्नपत्र चोरी, उसके वितरण और उससे लाभान्वित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान की। जांच में शामिल सभी आरोपियों और लाभार्थियों की पहचान कर ली गई तथा उनके खिलाफ पटना की सक्षम अदालत में कुल 45 आरोपियों के विरुद्ध कई आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किए गए हैं। जांच के दौरान उपलब्ध सभी साक्ष्यों, डिजिटल सबूतों, गवाहों के बयान और अन्य तथ्यों का गहन विश्लेषण किया गया। इसके बावजूद संजीव मुखिया की प्रश्नपत्र चोरी या उसके वितरण में किसी भी प्रकार की भूमिका का कोई साक्ष्य ⏩ शेष पेज 5 पर

### प्रियंका का केंद्र सरकार पर हमला

## कहा- छात्र आंदोलनों को दबाया जा रहा पेपर लीक के लिए पीएम लें जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर छात्रों के आंदोलन को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट बंद करना, आंसू गैस के गोले छोड़ना और लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। साथ ही उन्होंने नीट समेत लगातार हो रहे परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाबदेही तय करने की मांग की।

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर छात्रों की चिंता जताई, लेकिन दूसरी ओर बीती रात प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने आंसू गैस और लाठीचार्ज किया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश का युवा मौजूदा व्यवस्था से पूरी तरह निराश हो चुका है और अब वह केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहता है। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब सरकार उनकी प्रमुख मांगों को स्वीकार करे। इनमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग और प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, यदि प्रधानमंत्री देश की हर उपलब्धि का श्रेय लेते हैं, तो उन्हें आज पैदा हुई इस स्थिति की जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी चाहिए।₹ उनका दावा था कि पिछले दस वर्षों में 152 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हुए, लेकिन अब तक किसी भी मामले में दोषियों को सजा नहीं ⏩ शेष पेज 5 पर

## पेपर लीक पर लीक होती संसदीय व्यवस्था, चौथे दिन भी कार्यवाही ठप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज भी विपक्ष के लगातार हंगामे के कारण नहीं चल सकी। विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले और छात्रों के विरोध प्रदर्शन समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया, जिसके चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी।

लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे दूसरी बार स्थगन के बाद शुरू हुई, लेकिन विपक्षी सदस्य फिर नारेबाजी करने लगे। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने विपक्ष से सदन को सुचारु रूप से चलाने में सहयोग की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सुबह 11 बजे जैसे ही लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया। इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने नीट पेपर लीक और छात्रों के प्रदर्शन का मुद्दा उठाते हुए नारेबाजी ⏩ शेष पेज 5 पर

## ईपीएफओ अधिकारी शुभम त्यागी को घुस लेते सीबीआई ने दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के एक प्रवर्तन अधिकारी को 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान शुभम त्यागी, प्रवर्तन अधिकारी, ईपीएफओ जिला कार्यालय, पटियाला (पंजाब) के रूप में हुई है। इसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक ईपीएफ सलाहकार (कंसल्टेंट) के मुवक्किल के खिलाफ कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 7ए के तहत जांच चल रही थी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए थे। इसके बावजूद आरोपी अधिकारी शुभम त्यागी ने ⏩ शेष पेज 5 पर




### लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है कुशा

> 350 किलोग्राम श्रेणी के पहले स्वदेशी टर्बो जेट इंजन का हुआ सफल विकास

# डीआरडीओ को मिली बड़ी कामयाबी, कुशा मिसाइल का किया पहला सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल 'कुशा' का पहला सफल परीक्षण किया है। ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए इस परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अपने निर्धारित किए गए लक्ष्य को बेहद सटीकता के साथ ढूंढा और फिर उसे नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस परीक्षण को एक इलेक्ट्रॉनिक लक्ष्य के खिलाफ किया गया था। जो उच्च गति और ऊंचाई वाले हवाई खतरे का अनुसरण पर आधारित था।



### कुशा मिसाइल के फायदे

कुशा मिसाइल प्रणाली लड़ाकू विमानों, मिसाइलों, मानव रहित हवाई वाहन, दुश्मन के बड़े विमानों सहित विभिन्न प्रकार के हवाई खतरों को अधिक दूरी और ऊंचाई पर निष्क्रिय करने में पूरी तरह से सक्षम है। इस हथियार प्रणाली में मिसाइल, रडार और कमांड-कंट्रोल सेंटर जैसे विभिन्न कारक शामिल हैं। जिनका विकास संगठन की देशभर में मौजूद प्रयोगशालाओं और उद्योग जगत के साझेदारों ने मिलकर किया है।

### रक्षा मंत्री ने दी टीम को बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परीक्षण से जुड़ी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि कुशा की सफलता डीआरडीओ के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जो संगठन की लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली को विकसित करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है। वर्तमान में यह क्षमता दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों के ही पास है। लेकिन अब इस दिशा में आगे बढ़ने से ऐसी प्रणालियों के आयात पर निर्भरता खत्म होगी। साथ ही देश की वायु रक्षा क्षमता में भी बड़ा बदलाव आएगा। वहीं, रक्षा सचिव और डीआरडीओ ⏩ शेष पेज 5 पर

### टर्बो जेट इंजन का किया विकास

उधर, डीआरडीओ की प्रयोगशाला गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) ने सफलता के साथ 350 किलोग्रामी की श्रेणी के पहले स्वेदशी एक्सपेंडेबल टर्बो जेट इंजन विकास किया है। इंजन के निर्माण और असेंबली के लिए जीटीआरई ने हैदराबाद स्थित आजाद इंजीनियरिंग को औद्योगिक भागीदार के रूप में चुना था। इसी महीने की 22 तारीख को आजाद इंजीनियरिंग ने इंजन का निर्माण कर उसे जीटीआरई को सौंप दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए इस उपलब्धि को भारत के एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया है। जेट इंजन प्रौद्योगिकी पर दुनिया के कुछ देशों की ही पकड़ है। इसे विश्व की सबसे जटिल और उन्नत तकनीकों में से एक माना जाता है। डीआरडीओ के डिजाइन पर आधारित इस जटिल प्रणाली की सफल डिलीवरी भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती क्षमता का प्रमाण प्रस्तुत करती है। इंजन को आजाद इंजीनियरिंग के सीईओ राकेश चोपदार ने डीआरडीओ की विशिष्ट वैज्ञानिक-महानिदेशक (वैमानिकी प्रणालियां) डॉ.के.राजलक्ष्मी मेनन और जीटीआरई के वैज्ञानिक डॉ.एस.वी.राममूर्ति को सौंपा। रक्षा सचिव ने इस प कामयाबी के लिए डीआरडीओ को बधाई दी।

## सीएम ने घर-घर से कचरा उठाने की परियोजना का किया शुभारंभ

# दिल्ली को तकनीक से स्वच्छ-सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकताः रेखा गुप्ता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- अत्याधुनिक 917 कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- दिन में सुबह और शाम, दो बार उठाया जाएगा कचरा

दिल्ली सरकार का लक्ष्य केवल कचरा उठाना नहीं, बल्कि एक आधुनिक, तकनीक आधारित, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करना और दिल्ली को स्वच्छ-सुंदर बनाना भी हमारी प्राथमिकता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को पश्चिमी दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में 'डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन एवं सेकेंडरी ट्रांसपोर्टेशन' परियोजना का शुभारंभ करने के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह नई व्यवस्था घर-घर से कचरा संग्रहण को अधिक प्रभावी, समयबद्ध और जवाबदेह बनाएगी तथा स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक तकनीक से लैस कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सफाईकर्मियों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने स्वच्छ और सुंदर दिल्ली के निर्माण में सफाईकर्मियों के योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उनके साथ सहभोज भी किया तथा उनके समर्पण और सेवा भावना के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, निगमायुक्त संजीव खिरवार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि नागरिक-केंद्रित वेस्ट मैनेजमेंट के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। आधुनिक वाहनों, स्मार्ट मॉनिटरिंग और बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से पश्चिमी दिल्ली के लाखों नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सेवाओं का लाभ मिलेगा। जबकि पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब घरों से कचरा केवल एक बार नहीं, बल्कि सुबह और शाम, दिन में दो बार उठाया जाएगा।

### चरणबद्ध तरीके से पूरी दिल्ली में लागू की जाएगी


मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह व्यवस्था केवल पश्चिमी दिल्ली तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि चरणबद्ध तरीके से पूरी दिल्ली में लागू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले नगर निगम के समक्ष पर्याप्त संसाधनों और आधुनिक उपकरणों का अभाव था। कचरा संग्रहण वाहनों की कमी, जर्जर ढलाव और सीमित मशीनरी के कारण स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती थी। अब इन कमियों को दूर करते हुए आधुनिक कम्पैक्टर युक्त ट्रांसफर स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल तकनीकी रूप से सक्षम हैं बल्कि देखने में भी आकर्षक हैं।

### जनभागीदारी से ही संभव है स्वच्छ, हरित और विकसित दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ, हरित और विकसित दिल्ली का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था का सहयोग करने, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक तकनीक, मजबूत बुनियादी ढांचे और जनसहभागिता के समन्वय से दिल्ली देश की सबसे स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित राजधानी के रूप में स्थापित होगी।

## पुलिस के बजाय सिविल डिफेंस के जवानों को सुरक्षा की पहली पंक्ति में रखा जाएः किरण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- पूर्व आईपीएस ने छात्र आंदोलन के संबंध में पुलिस कार्रवाई के बाद दिया सुझाव
- कहा, दंगा-रोधी पुलिस को तभी आना चाहिए जब सिविल डिफेंस की लाइन 'तोड़ी जा रही हो या खतरे में हो।'

पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने गुरुवार को सुझाव दिया कि छात्र विरोध प्रदर्शनों से निपटने के लिए दंगा-रोधी पुलिस के बजाय सिविल डिफेंस के जवानों को सुरक्षा की पहली पंक्ति के तौर पर तैनात किया जा सकता है। इससे पुलिस बल के साथ सीधे टकराव और उन पर लगने वाले आरोपों से बचा जा सकेगा। यह सुझाव ऐसे समय में आया है, जब 20 जुलाई को 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के नेतृत्व में हुए 'संसद चलो' मार्च के दौरान छात्र प्रदर्शनकारियों पर 'बर्बरता' के लिए दिल्ली पुलिस की आलोचना हो रही थी।
उन्होंने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट वीडियो में कहा, ठीक उसी तरह जैसे सीमा पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) तैनात होती है और आर्मी जवान सीधे संपर्क में नहीं आते। बॉर्डर पर पहला संपर्क बीएसएफ का होता है। वैसे ही छात्र आंदोलन में भी पहला संपर्क सिविल डिफेंस का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस के पास केन शील्ड, बॉडी आर्मर और हेलमेट₹ हो सकते हैं, लेकिन इस बल के पास लाठियां नहीं होंगी। दंगा-रोधी पुलिस दूर रहकर स्थिति पर नजर रख सकती है और आम तौर पर जानमाल की, खास तौर पर सिविल डिफेंस की सुरक्षा कर सकती है। किरण बेदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि दंगा-रोधी पुलिस को तभी आना चाहिए जब सिविल डिफेंस की लाइन 'तोड़ी जा रही हो या खतरे में हो।
उन्होंने यह भी बताया कि सिविल डिफेंस हर राज्य में मौजूद है। बेदी ने कहा, इसका मतलब है कि हम छात्र आंदोलनों के लिए उन्हें तेजी से इकट्ठा कर सकते हैं, दोबारा ट्रेनिंग दे सकते हैं और तैनात कर सकते हैं। इस तरह पुलिस बल के साथ टकराव और आरोपों से बचा जा सकता है। काफी समय और ऊर्जा की बचत हो सकती है। पूर्व पुलिस अधिकारी ने वीडियो के आखिर में कहा, ₹यह एक ऐसा विचार है, जिस पर गौर किया जाना चाहिए।
किरण बेदी ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में बताया कि हर राज्य में सिविल डिफेंस और होम गार्ड के सदस्य भर्ती किए गए युवा पुरुष और महिलाएं होते हैं जो पे-रोल पर होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सिविल डिफेंस छात्र प्रदर्शनकारियों के संपर्क का पहला जरिया बनता है, तो इससे छात्र प्रदर्शनकारियों पर यह जिम्मेदारी होगी कि वे दंगा-रोधी पुलिस को बुलाने के लिए उकसाने वाली हरकत न करें। हथियारबंद पुलिस तभी आती है जब जान-माल की रक्षा करनी हो और इसके लिए उन्हें वजह बतानी होगी। बेदी ने अपनी बात दोहराते हुए कहा, इस तरह सिविल डिफेंस गवाह बन जाता है। इससे आरोप-

## पिस्टल के बल पर लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के साकेत में एक कंपनी के कर्मचारी के साथ पिस्टल के बल पर साढ़े 12 लाख रुपये की लूट की घटना पुलिस जांच में फर्जी निकली। दरअसल कंपनी का पैसा गबन करने के लिए पुलिस को झूठी सूचना दी गई थी। कर्मचारी को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से शिकायतकर्ता की बात मेल नहीं खाती थी। पुलिस ने कहा कि उसने दो घंटे के अंदर ही इस मामले को सुलझा लिया। पवन कुमार ने शिकायत दी थी कि 21 जुलाई को जब वह अपने नियोक्ता के लिए एकत्र किए गए 12.66 लाख रुपये लेकर जा रहा था, तो साकेत में एमबी रोड के पास पिस्टल के बल पर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने उसे लूट लिया। डीसीपी अनंत मित्तल ने बताया कि एक संयुक्त टीम ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। शिकायतकर्ता की गतिविधियों का सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि कुमार उस मार्ग पर कभी नहीं गया जहां उसने लूट होने का दावा किया था। पुलिस ने कहा कि सबूतों से सामना कराने पर कुमार ने कबूल किया कि उसने कंपनी की नकदी का गबन करने के लिए अपने सहयोगी गणेश चंद चेतीवाल के साथ मिलकर लूट की कहानी गढ़ी थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पैसा गुप्त रूप से चेतीवाल को सौंप दिया गया था ताकि किसी को शक नहीं हो। इसके बाद पुलिस ने चेतीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके घर से 12.66 लाख रुपये बरामद किए।

## डीयू के नार्थ कैम्पस में लगाए जाए सीसीटीवी कैमरेः फोरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- धरने प्रदर्शन को देखते हुए लिखा डीयू कुलपति को पत्र
- 28 जुलाई से शुरु हो रहा है डीयू में नया शैक्षिक सत्र 2026-27

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह को पत्र लिखा है। पत्र में फोरम ने महिला शिक्षिकाओं व छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए नया शैक्षिक सत्र 2026-27 शुरु होने से पूर्व डीयू के नार्थ कैम्पस के कॉलेजों, विभागों व शिक्षण संस्थानों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटनाओं को रोका जा सकें। फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन ने बताया है कि जिस तरह से दिल्ली व देशभर में नीट को लेकर आंदोलन चल रहे हैं उसे देखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। बता दें कि 28 जुलाई से नया शैक्षिक सत्र प्रारंभ हो रहा है और उस दिन प्रथम वर्ष में प्रवेश लिए छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम किया जाता है। पत्र में यह भी लिखा है कि सांध्यकालीन कॉलेजों में लगने वाली कक्षाएँ देर रात तक चलती हैं। इनका समय शाम 7 बजे तक ही रखा जाए। प्रयोगशाला में प्रयोग करने वाली छात्राएँ और शोधार्थी छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर इनका भी समय 7 बजे तक रखा जाए। फोरम के चेयरमैन हंसराज ने बताया कि डीयू के कॉलेजों में महिला सुरक्षा से संबंधित गंभीर मुद्दों पर दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन का समय-समय पर ध्यान आकर्षित कराता रहा है और लगातार महिला सुरक्षा के मुद्दे को उठाता रहा है।

## स्कूटर की बैटरी फटने से तीन भाई घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के अशोक विहार इलाके में गुरुवार सुबह एक झुग्गी के अंदर चार्ज हो रही इलेक्ट्रिक स्कूटर की बैटरी में विस्फोट हो गया। इस घटना में तीन भाई झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब सात बजे एसएस नगर इलाके में हुई। बैटरी में विस्फोट के बाद आग लग गई। उस वक्त 45 वर्षीय विजय झुग्गी में सो रहा था। घटना के समय परिवार के बाकी सदस्य झुग्गी के बाहर थे। आग बुझाने और बचाव की कोशिशों के दौरान विजय और उनके भाई अजय (35) एवं बिरजू (23) भी झुलस गए। पीड़ितों को पहले दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें लोक नायक अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। विजय और बिरजू को बर्न इंजरी ज्यादा है।

## दिल्ली सरकार ने 840 लो-फ्लोर एसी ई-बसों का किया अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। एंटनी रोड ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एआरटीएस) और एंटनी वेस्ट हैंडलिंग सेल लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम को दिल्ली सरकार से 840 लो-फ्लोर एसी इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, आपूर्ति, संचालन और रखरखाव का ठेका मिला है। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के प्रबंध निदेशक जितेंद्र यादव ने इस अनुबंध का पत्र कंपनी पदाधिकारियों को सौंपा है। जानकारी के अनुसार, यह परियोजना 'पीएम ई-ड्राइव योजना' के तहत लागू की जाएगी और इस परियोजना से करीब 2,800 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। कंपनी सीजीएम आर के पॉल ने बताया कि इस परियोजना की अनुबंध अवधि 12 वर्ष होगी और 2027 की शुरुआत में बसों का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। पूरे अनुबंध का मूल्य 4,103 करोड़ रुपये है, जबकि पहले वर्ष में 296 करोड़ रुपये के राजस्व का अनुमान लगाया गया है। परियोजना के तहत कुल 840 इलेक्ट्रिक बसों में से 426 बसें दिल्ली परिवहन विभाग (डीओटी, दिल्ली) और 414 बसें दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बेड़े में शामिल की जाएंगी। इनमें 12 मीटर और 9 मीटर लंबाई की लो-फ्लोर एसी इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। कंपनी को बस संचालन का लंबा अनुभव है।

## एसआईआर काम में लगी एमसीडी स्कूल शिक्षिका की मौत के लिए सरकार है जिम्मेदार : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने की एमसीडी शिक्षिका की हार्ट अटैक से मौत पर उनके परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग

एसआईआर (विशेष गहन संशोधन) पूरा करने के दबाव झेल न पाने पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूल शिक्षिका सुमन लता की मौत एक दुखद घटना के लिए सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि स्कूल में छात्रों को पढ़ाने और एसआईआर का काम पूरा करने दोहरी जिम्मेदारी सरकार द्वारा जबरन थोपी गई है, जिसे संतुलित तौर पर करने में असमर्थ दबाव के कारण सुमन लता की मौत हुई। इसलिए सरकार शिक्षिका की मौत के लिए उनके परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दे। यह मांग गुरुवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने की है। यादव ने कहा कि एसआईआर की जटिल प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा चिंता जताने के साथ दिल्ली कांग्रेस ने दिल्ली के उपराज्यपाल को दिल्ली में बीएलओ की जिम्मेदारियों को निभाने वाले शिक्षकों पर अतिरिक्त कार्यभार की जिम्मेदारी से तनाव और दबाव को कम के लिए 18 अप्रैल, 2026 को पत्र लिखकर शिक्षिका की मौत जैसी घटनाओं के लिए आगाह किया था। यादव ने कहा कि इससे पहले भी एसआईआर के दबाव के कारण 45 वर्षीय सरकारी स्कूले के गणित शिक्षक, आनंद कुमार सरोहा ने 8 जुलाई, 2026 को दिल्ली में रानी झांसी फ्लाईओवर से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसमें वे बच गए। अधिकारियों ने इस घटना को संवेदनशीलता से नही लिया जिसके बाद निगम स्कूल में शिक्षिका की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शिक्षक मतदाता सूची के एसआईआर के लिए पर्यवेक्षक के रूप में काम कर रहे थे, और उन्होंने एसआईआर की जिम्मेदारी के दबाव को सहन करने में असमर्थ होकर जान गंवाने का कदम उठाया। यादव ने कहा कि राज्यसभा में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में एसआईआर की ड्यूटी के दौरान लगभग 107 अधिकारियों और शिक्षकों की मौत हुई है, अन्य कई राज्यों में अन्य सैंकड़ों बीएलओ और शिक्षकों की मौत कार्डियक अरेस्ट, ब्रेन हैमरेज और आत्महत्या के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, भारत के चुनाव आयोग के साथ मिलकर, एसआईआर के नाम पर बीएलओ बने शिक्षकों पर समयबद्ध दबाव बनाकर उनके स्वास्थ्य और व्यवहारिक जीवन शैली को प्रभावित कर रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि नामः **तरुण कुमार, पुत्रः उमेश कुमार, निवासीः मकान नंबर 10685, गली नंबर 09, प्रताप नगर मेट्रो स्टेशन के पास, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **E-FIR No.80027614/2025 U/S 304(2)/317(2)/3(5) BNS** के तहत एक मामला **थाना आई.पी. एस्टेट, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **तरुण कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **तरुण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **E-FIR No.80027614/2025 U/S 304(2)/317(2)/3(5) BNS, थाना आई.पी. एस्टेट, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **तरुण कुमार** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 25.08.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री प्रीति
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03 (केंद्रीय)
केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 150
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8033/CD/2026
(अदालती मामला)

## मुख्यमंत्री ने कोविड योद्धाओं के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोविड-19 महामारी के दौरान कर्तव्य के निर्वहन में अपनी जान गंवाने वाले अग्रिम पंक्ति के कर्मियों के परिजनों को वर्षों से लंबित एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। अधिकारियों ने बताया कि यह सहायता अंग्रिम पंक्ति के तीन कोविड यौद्धाओं के परिवारों को दी गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा, ₹कर्तव्य के निर्वहन में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अग्रिम पंक्ति के कर्मियों के योगदान का स्मरण और उनके परिवारों के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता सदैव सर्वोपरि रहेगी।

## दिल्ली में सामान्य से कम तापमान किया दर्ज अलगे सप्ताह हल्की बारिश के आसार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के आसमान में बृहस्पतिवार को बादल छाए रहे और हवा की गुणवत्ता अपेक्षाकृत बेहतर रही। राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और आने वाले कुछ दिनों में शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे तक पिछले 24 घंटों में दिल्ली के सफदरजंग में दो मिलीमीटर, लोदी रोड इलाके में 1.6 मिमी, पालम में 1.2 मिमी और रिज में 0.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके मुताबिक सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच पालम में 0.6 मिमी बारिश हुई, जबकि सफदरजंग, लोदी रोड, रिज और अयानगर में बारिश दर्ज नहीं की गई। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.4 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री कम 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी के पालम वेधशाला में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम था।

## जामिया मेट्रो से बटला हाउस तक टूटा फुटपाथ बना परेशानी का सबब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के जामिया नगर स्थित जामिया मेट्रो स्टेशन से बटला हाउस कब्रिस्तान की बाउंड्री तक लगभग 150 मीटर लंबा फुटपाथ पिछले करीब दो वर्षों से टूटा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पाइपलाइन संबंधी कार्य किए जाने के बाद सड़क और फुटपाथ दोनों की हालत खराब हो गई, लेकिन आज तक इन्हें पहले जैसी स्थिति में नहीं लाया गया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह मार्ग जामिया नगर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाकों में से एक है। सामाजिक कार्यकर्ता इ फिरोज मुजफ्फर ने बताया कि यहां प्रतिदिन हजारों छात्र, शिक्षक, बुजुर्ग, महिलाएं और स्थानीय निवासी आवाजाही करते हैं। इसी क्षेत्र में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रोफेसरों के आवास, विभिन्न साहित्यिक और सामाजिक संस्थाओं के कार्यालय तथा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का मुख्यालय भी स्थित है। आधुनिक उर्दू ग़ज़ल के युग प्रवर्तक माने जाने वाले प्रसिद्ध शायर मुज़फ़्फ़र हनफ़ी का निवास भी इसी क्षेत्र में रहा है। निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र के विधायक, पार्षद और संबंधित विभागों को इस गंभीर समस्या की जानकारी दी गई है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा।

### बुजुर्गों के चोटिल होने की घटनाएं आम हो गई

स्थानीय लोगों का कहना है कि फुटपाथ की हालत इतनी खराब है कि लगभग रोज कोई न कोई राहगीर ठोकर खाकर गिर जाता है। बच्चों और बुजुर्गों के चोटिल होने की घटनाएं आम हो गई हैं। क्षेत्र का एकमात्र कब्रिस्तान भी इसी मार्ग पर होने के कारण प्रतिदिन जनाजे अंतिम संस्कार के लिए यहां पहुंचते हैं। ऐसे में शोकाकुल परिजनों और आने वाले लोगों को भी टूटी सड़क और फुटपाथ से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

**सार्वजनिक नीलामी सूचना (जब्त/अपराध में प्रयुक्त वाहन)**

सविनय निवेदन है कि माननीय न्यायालय द्वारा अपराध में प्रयुक्त निम्नलिखित वाहन की सार्वजनिक नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं, जिसका रजिस्ट्रेशन नं. **HR-47-G-4383 Wagonor Car (Taxi) Registraction 31/08/2024 FIR No. 424/25** दिनांकः **07.10.25 U/s 281/125B BNS & 146/196 MV Act** थानाः वसंत कुंज साउथ, जिला साउथ–वेस्ट, नई दिल्ली वाहन का विवरण इस प्रकार है– •वाहन रजिस्ट्रेशनः **HR-47-G-4383** •वाहन का प्रकार **Wagonor Car (Taxi)** •चेजिज नं. : **MA3JMTBB1SREB11035** •इंजन नं.: **KI0CNC586129** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाहन की सार्वजनिक नीलामी दिनांक **30.07.2026** को प्रातः 11:00 बजे थाना वसंत कुंज साउथ, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए थाना प्रभारी, थाना वसंत कुंज साउथ के नीचे दिए हुए फोन नं. पर संपर्क कर सकते है।

आदेशानुसार
वसंत कुंज साउथ, नई दिल्ली
फोन नं.: 7065036265, 8802428689

DP/10074/SW/2026
(Court Matter)

## डीयू के राजनीति विज्ञान विभाग ने लोकतांत्रिक मूल्यों को दी नई दिशाः कुलपति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- 75 वर्षों में 12 सौ से अधिक पीएचडी उपाधियां दीं

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के राजनीति विज्ञान विभाग ने फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के वंदे मातरम हॉल में अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर डायमंड जयंती समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विभाग को बधाई देते हुए कहा कि राजनीति विज्ञान विभाग ने 75 वर्षों में 1200 से अधिक को पीएचडी उपाधियां प्रदान की हैं और भारत के लोकतांत्रिक भविष्य पर संदेह जताने वालों को अपने शैक्षणिक योगदान से गलत साबित किया है। उन्होंने कहा कि विभाग ने देश की सांस्कृतिक परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और विश्वविद्यालय कुलगीत से हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा सक्सेना ने स्वागत भाषण में विभाग की 1952 से शुरू हुई यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यह देश के सबसे बड़े राजनीति विज्ञान केंद्रों में शामिल है। उन्होंने बताया कि विभाग ने एक लाख से अधिक विद्यार्थियों तक अपनी शैक्षणिक पहुंच बनाई है तथा आलोचनात्मक चिंतन, बौद्धिक विनम्रता और विविध विचारों के सम्मान की परंपरा विकसित की है। इस अवसर पर विभाग की नई शोध पत्रिका का भी लोकार्पण किया गया।

### भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

मुख्य अतिथि एवं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारतीय ज्ञान परंपरा और ज्ञान के डिकोलोनाइजेशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने नई शोध पत्रिका की सराहना करते हुए कहा कि यह बौद्धिक विमर्श को नई दिशा देगी। दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो. एम.पी. सिंह ने की, जबकि प्रो. बालाराम पानी, प्रो. रजनी अब्बी, प्रो. सुषमा यादव और जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के प्रो. चार्ल्स हैंकला ने अपने विचार रखे। इस दौरान पूर्व संकाय सदस्यों, कॉलेज प्राचार्यों और विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान भी किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह को आकर्षक बनाया

कार्यक्रम के तीसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसकी अध्यक्षता संस्कृति परिषद के अध्यक्ष एवं डीयू के पीआरओ अनूप लाथर ने की। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्कृति मंत्रालय, दिल्ली सरकार की टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सीताराम कुंभर और डॉ. निहार आर. नायक ने किया। समारोह में विभाग की लोकतांत्रिक विमर्श, शोध और राष्ट्र निर्माण में 75 वर्षों की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सीताराम कुंभर और डॉ. निहार आर. नायक ने किया।

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (कैल्शियम ग्लुकोनेट इंजेक्शन 100 एमजी/एमएल, 10 एमएल, लेवेटीरेसिटम 500 एमजी इंज., हाइड्रोक्सीप्रोपिल मिथाइलसेलुलोज सोल्यूशन, इंज. फेनोकैन इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 28.07.2026 04.08.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 2 | महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा पंजीरी प्लांट, गुरूग्राम | परिवहन निविदा। | बंद होने की तिथि 06.08.2026 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9717288890 panjiriplant@gmail.com |
| 3 | महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा पंजीरी प्लांट, गुरूग्राम | एच.डी.पी.ई. बैग्ज निविदा। | बंद होने की तिथि 06.08.2026 | ईएमडी 25000/- | haryanaeprocurement.gov.in | 9717288890 panjiriplant@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मण्डल फरीदाबाद हेतु मौजूदा मेनुअल एचओटी को ईओटी (इलैक्ट्रिक ऑपरेटेड ट्रेवलिंग क्रेन) के कनवर्जन द्वारा 05 टन क्षमता के 02 अदद डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 23.07.2026 06.08.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/80/47470/I/88/7 दि. 23.07.26




## उपराज्यपाल ने एनएसए के तहत पुलिस की निवारक हिरासत शक्ति 18 अक्टूबर तक बढ़ाई

नई दिल्ली। उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत निवारक हिरासत में लेने की शक्तियां 18 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। यह आदेश सीजेपी के नेतृत्व में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच आया है। उधर पुलिस सूत्रों ने इसे नियमित प्रक्रिया बताया है। दिल्ली सरकार के गृह विभाग की ओर से 15 जुलाई को जारी अधिसूचना के मुताबिक, शहर के पुलिस कमिश्नर को रासुका की धारा 3 की उप-धारा (2) के तहत हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है। इसमें कहा गया है कि यह अधिकार 18 अक्टूबर तक लागू रहेगा। एनएसए केंद्र और राज्यों को ऐसे लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है जो सुरक्षा के लिए नुकसानदेह काम कर सकते हैं। इसके तहत हिरासत की अवधि तीन से 12 महीने तक हो सकती है। हालांकि इसे पहले भी खत्म किया जा सकता है। चूंकि यह एहतियाती हिरासत है, न कि गिरफ्तारी, इसलिए हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अदालत के सामने पेश करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं होती है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि रासुका के तहत हिरासत में रखने की शक्ति को हर तीन महीने के बाद नियमित रूप से बढ़ाया जाता है और मौजूदा मामले में इसके लिए कोई खास अनुरोध नहीं किया गया था। पुलिस की तरफ से इसे नियमित प्रक्रिया बताया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट में इसका गलत अर्थ निकाला जा रहा है।






## अदालत 'सीजेपी' प्रदर्शन की जांच के अनुरोध संबंधी याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां जंतर-मंतर पर परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन की जांच के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई है। याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ के समक्ष जनहित याचिका का उल्लेख किया और मामले को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। वकील बरुण कुमार सिन्हा ने कहा, यह तथाकथित छात्र आंदोलन के खिलाफ है। उन्होंने पूरी दिल्ली को बंधक बना लिया है। सड़कें बंद कर दी गई हैं। दिल्ली के नागरिकों को परेशानी हो रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'ठीक है, (सुनवाई) कल (करते हैं)। याचिकाकर्ता और अखिल भारत हिंदू महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने अपनी जनहित याचिका में कहा कि कार्यकर्ताओं और राजनीतिक नेताओं की भागीदारी के साथ-साथ कथित तौर पर विदेशी वित्त पोषित संगठनों की संलिप्तता ने इस प्रदर्शन की वास्तविक प्रकृति, उद्देश्य और लक्ष्यों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जनहित याचिका में कहा गया, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सदस्यों ने प्रदर्शन में भाग लिया और उसे प्रभावित किया, जिससे छात्र प्रदर्शन के रूप में पेश किया गया आंदोलन राजनीतिक आंदोलन में तब्दील हो गया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान एक एंबुलेंस समेत सार्वजनिक आवागमन में बाधा डाली गई, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया, पत्रकारों पर हमले किए गए, संसद भवन के पास सुरक्षा व्यवस्था को भंग करने की कोशिश की गई तथा पुलिस एवं अन्य सरकारी अधिकारियों को चोटें आईं।




# जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर मंतर पर पेपर लीक के मुद्दे पर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच सीजेपी ने दावा किया है कि देश के अनेक शहरों में छात्र और युवा प्रदर्शन कर रहे हैं। संगठन ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरूवार को कहा कि कुरुक्षेत्र, चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ, भोपाल, अहमदाबाद, पटना, कोलकाता, बेंगलुरु, गुवाहाटी, हैदराबाद, चेन्नई सहित कई शहरों में आंदोलन जारी है। सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि यदि केंद्र सरकार बातचीत करना चाहती है तो जंतर-मंतर या संविधान क्लब जैसे किसी तटस्थ स्थान पर वार्ता की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि अब तक सरकार की ओर से संपर्क नहीं किया गया है। बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में आंदोलन जारी है, हालांकि खराब स्वास्थ्य के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्टों में सीजेपी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई है। कुछ पोस्टों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की गई है।

### आपके इस्तीफे पर भी आ जाएगी मोदी जी : दीपके

सीजेपी के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दीपके ने गुरूवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवदेन है कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ले लीजिए, वरना बात फिर आपके इस्तीफे पर भी आ जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को जल्द न्याय दीजिए। दीपके ने आगे कहा कि 'मैं नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहना चाहता हूं क्योंकि अगर वो सोनम वांगचुक को यहां (जंतर-मंतर) से ना हटाते तो हमारा आंदोलन इतना बड़ा नहीं बनता...।'

## जंतर मंतर पर जख्मी हुए एसीपी ने कहा, मेरे सिर पर पत्थर लगा

**नई दिल्ली।** जंतर मंतर पर बुधवार शाम को पथराव से जख्मी हुए एसीपी जय प्रकाश ने गुरुवार को आपबीती बयां की। उन्होंने बताया कि धरना स्थल पर बुधवार शाम लगभग 4.30 बजे भीड़ बढ़ गई थी। पांच से छह हजार लोगों की भीड़ में से किसी ने मेरे सिर पर पत्थर मारा। जब मेरे सहकर्मी मुझे विरोध स्थल से निकालकर आरएमएल अस्पताल ले गए, तब मेरे सिर से खून बह रहा था। मेरे सिर में मामूली फ्रैक्चर भी बताया गया है और आगे का इलाज अभी जारी रखने की सलाह दी गई है। एसीपी जय प्रकाश उन दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों में शामिल हैं जो संसद मार्ग के पास बुधवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए कथित पथराव में घायल हो गए थे। इस घटना को लेकर भी दिल्ली पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज की है। जय प्रकाश पंजाबी बाग सब डिवीजन में तैनात है। उनके अलावा कनॉट प्लेस के एसीपी विवेक भगत से भी मारपीट की गई। एसीपी भगत भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान पथराव में घायल हुये। उनके साथ मारपीट भी किये जाने की बात सामने आई है। उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस हिंसा में कम से कम दो एसीपी और चार अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सभी घायलों की हालत स्थिर है। सूत्रों ने यह भी आरोप लगाया कि कई असामाजिक तत्व भी धरना स्थल में घुस आए हैं और पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था न बिगाड़ने की बार बार की जा रही अपील के बावजूद वे हिंसक हो रहे हैं।







## पुलिस ने प्रदर्शन में घायल लड़की की मौत के दावों को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के प्रदर्शन में लाठीचार्ज के दौरान घायल हुये लड़की की मौत का दावा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट का गुरुवार को खंडन किया। इसे झूठा बताते हुये पुलिस ने गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। नई दिल्ली जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान किसी भी प्रदर्शनकारी की मौत नहीं हुई है। उन्होंने वायरल दावे को झूठा प्रचार बताया, जिसका उद्देश्य दहशत पैदा करना और पुलिस विरोधी और सत्ता विरोधी भावनाओं को भड़काना है। पुलिस ने जनता से असत्यापित जानकारी प्रसारित न करने की अपील की है और लोगों से सोशल मीडिया पर कोई भी सामग्री साझा करने से पहले केवल सत्यापित तथ्यों पर भरोसा करने का आग्रह किया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि ऐसे झूठे पोस्ट फैलाकर लोगों को भड़काने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी से शांति बनाए रखने और हिंसा से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि गलत सूचना से कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।

## पथराव में घायल हुए सुरक्षा कर्मियों से मिलने पहुंचे आला अधिकारी

**नई दिल्ली।** जंतर मंतर और टॉलस्टॉय मार्ग पर बुधवार रात प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में जख्मी होने के बाद राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराए गए सुरक्षा कर्मियों से दिल्ली के वरिष्ठ पुलिस अफसरों ने गुरुवार को मुलाकात की। प्रदर्शन में कम से कम छह पुलिसकर्मी घायल हुये हैं, जिनमें एसीपी स्तर के भी दो अधिकारी शामिल हैं। साथ ही जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों की भारी भीड़ को देखते हुए नई और मध्य दिल्ली के जिलों में सुरक्षा कड़ी रखी गई है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर जोन-1) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने आरएमएल अस्पताल जाकर घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और उनकी हालत के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने दर्ज हो चुकी 11 एफआईआर की जांच भी तेज कर दी है। पथराव और सुरक्षाकर्मियों पर हमले में शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## मेट्रो के 16 स्टेशन 'सुरक्षा कारणों' से बंद


**नई दिल्ली।** राजीव चौक, केंद्रीय सचिवालय, मंडी हाउस, आईटीओ और खान मार्केट सहित दिल्ली मेट्रो के 16 स्टेशन अगला आदेश आने तक सुरक्षा कारणों से बृहस्पतिवार सुबह बंद कर दिए गए। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यह जानकारी दी। यह कदम जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के जारी प्रदर्शन में भीड़ बढ़ने के बाद उठाया गया। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोक कल्याण मार्ग, राजीव चौक, पटेल चौक, रामकृष्ण आश्रम मार्ग, बाराखंबा रोड, सुप्रीम कोर्ट, सेवा तीर्थ, जनपथ, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, आईटीओ, दिल्ली गेट, इंद्रप्रस्थ, खान मार्केट, जोर बाग और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन अगले आदेश तक बंद रहेंगे।

## सीजेपी को 'आप' का पूरा समर्थन : राय

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन को आम आदमी पार्टी (आप) पूरा समर्थन करेगी। यह बात गुरुवार को आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने कही। उन्होंने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे छात्र-युवा आंदोलन पर भाजपा सरकार द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर, आज सीजेपी ने पूरे देश में नेशन वाइड प्रदर्शन का आह्वान किया है। राय ने कहा कि आप सीजेपी के इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी पूरी तरह से समर्थन करेगी। इस प्रदर्शन में हमारे सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल होंगे।

## क्या मोदी सरकार फिर बच्चों पर हमला करवायेगी : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने सवाल उठाया कि क्या मोदी सरकार आज फिर जंतर मंतर पर अपने बच्चों पर बर्बर हमला करेगी। सौरभ ने गुरुवार को कहा कि कनॉट प्लेस की सभी दुकानों को शाम 6 बजकर 30 मिनट पर बंद करने का आदेश दिया गया है। पूरे क्षेत्र में जबरदस्त सिक्योरिटी है। ढेर सारी एंबुलेंस तैनात हैं। क्या मोदी सरकार गुरुवार को फिर जंतर मंतर पर अपने बच्चों पर बर्बर हमला करेगी।

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईं करने वाला काबू 22 सौ रुपए बरामद

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा सट्टा खाई करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 22 जुलाई को अपराध शाखा भूपानी की टीम ने कार्रवाई करते हुए सट्टा खाई करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2200 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा भूपानी की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बल्लभगढ मोहना रोड पूर्व विधायक शारदा राठौर कार्यालय के पास एक व्यक्ति सट्टा खाई कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तेजपाल निवासी सुभाष कॉलोनी, फरीदाबाद को सट्टा खाई करते हुए काबू किया।



### चोरीशुदा मोटर साईकिल सहित एक काबू

फरीदाबाद। वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 22 जुलाई को अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने सराय ख्वाजा के एक वाहन चोरी के मामले में प्रिंस उर्फ नैतल वासी सरस्वती कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाईकिल बरामद की है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार जुबेर अली निवासी टीटू कॉलोनी फरीदाबाद ने थाना सराय ख्वाजा में दी शिकायत में बताया कि 5 जुलाई 2026 को उसने अपनी मोटरसाईकिल अशोका एन्क्लेव पार्ट-2 सेक्टर-37 फरीदाबाद के खड़ी की थी, अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना सराय ख्वाजा में चोरी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि जिस समय उसने वारदात को अंजाम दिया मोटरसाईकिल में चाबी लगी हुई थी।



---

देश में पैडल खेल के विकास को गति मिलेगी

# पैडल खेल बढ़ावा देने के लिए मर्सिडीज-बेंज इंडिया बनी इंडियन पैडल टूर की टाइटल पार्टनर, 19 पेशेवर टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे पैडल खेल को नई पहचान दिलाने के लिए मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने इंडियन पैडल टूर (आईपीटी) 2026-27 की टाइटल पार्टनर बनने की घोषणा की है। इस साझेदारी से देश में पैडल खेल के विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

इंडियन पैडल टूर के आगामी सीजन में देश के 10 प्रमुख शहरों में 19 पेशेवर टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरुआत अगस्त 2026 में मुंबई से होगी, जबकि जून 2027 में बेंगलुरु में इसका समापन होगा। टूर्नामेंट खिलाड़ियो को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और भारतीय पैडल रैंकिंग में अपनी जगह बनाने का अवसर प्रदान करेगा। पैडलपार्क इंडिया के सह-संस्थापक जिगर दोशी ने कहा कि किसी वैश्विक ब्रांड का साथ किसी भी उभरते खेल की विश्वसनीयता को मजबूत करता है। उन्होंने इसे भारतीय पैडल इकोसिस्टम के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे खेल के प्रति लोगों की रुचि और खिलाड़ियों के लिए अवसर दोनों बढ़ेंगे। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि कंपनी खेल और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडियन पैडल टूर के साथ साझेदारी भारत में पैडल खेल के उज्ज्वल भविष्य में निवेश का प्रतीक है। खेल और तकनीक के क्षेत्र में निवेश के माध्यम से कंपनी उभरते हुए खेलों को भी प्रोत्साहित कर रही है। इस साझेदारी की घोषणा मर्सिडीज-एएमजी ई 53 हाइब्रिड 4मैटिक प्लस के लॉन्च के साथ की गई। यह मर्सिडीज-बेंज इंडिया की पहली इलेक्टिफाइड एएमजी ई-क्लास कार है। उल्लेखनीय है कि पैडल दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते खेलों में शामिल है और भारत में भी इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।



आईपीटी 2026-27 की टाइटल पार्टनर बनने की घोषणा के दौरान मौजूद कंपनी के अधिकारी

---

मांगों को लागू करवाने को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने राज्य सरकार पर लगाया वायदा खिलाफी का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने राज्य सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया। क्योंकि सरकार ने 29 मई 2026 को पानीपत में हुए समझौते को अभी तक लागू नहीं किया। मानी हुई मांगों को लागू करवाने को लेकर आज जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देवी राम ने की जबकि संचालन जिला सचिव राजू बहादुरपुर किया।

इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, वित्त सचिव दिनेश पाली, वरिष्ठ उप प्रधान महेंद्र माढोतिया भी उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेज धूप और अचानक हुई बारिश के बीच में कर्मचारियों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इसके बाद कृष्ण लाल पंवार विकास एवं पंचायत मंत्री हरियाणा सरकार चंडीगढ़ के नाम तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार सुमेर सिंह को सौंपा। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उपमहासचिव देवीराम ने बताया कि पानीपत में 29 मई 2026 को मंत्री की अध्यक्षता में यूनियन की मांगों को लेकर बैठक हुई थी। जिसमें 17 मांगों पर सहमति बनी। लेकिन दो माह का समय व्यतीत होने के बाद भी सरकार ने समझौते के पत्र जारी नहीं किए हैं। केवल 2100 मासिक बढ़ोतरी जनवरी 2026 से करने की सहमति बनी थी। उसे भी 1 जुलाई से लागू करने का पत्र जारी कर दिया। आज भी समझौते के मुताबिक 16 मांगों पर सहमति के बाद पत्र जारी नहीं किए हैं। लगातार हो रही देरी के कारण ग्रामीण सफाई कर्मचारी में धीरे-धीरे एक संदेह की स्थिति बनती जा रही है। सरकार के पास 30 मई से लेकर आज तक का पर्याप्त समय था। इस दौरान यह सब पत्र जारी हो सकते थे। लेकिन यह पत्र जारी न होने से, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में काफी गुस्सा व्याप्त है। इसलिए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने मांगों को लागू करने के लिए जिला स्तरीय प्रदर्शन कर रही है। प्रदर्शन कारियों को संबोधित करते हुए सीटू के सचिव ने बताया कि दिल्ली जंतर मंतर पर नीट के पेपरों में गड़बड़ी और अन्य परीक्षाओं में हुई धांधलियों के खिलाफ देश के छात्र न्याय की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारी विद्यार्थियों के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करके सैकड़ो छात्रों को घायल कर दिया गया है। इसके विरोध में कल फरीदाबाद में प्रदर्शन किया जाएगा। आज के प्रदर्शन के मौके पर नरेश पावता, विनोद प्रधान, महेश अटाली, ओम प्रकाश, धीर सिंह आदि भी उपस्थित रहे।



---

शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर किया हमला

# छात्रों को जंतर-मंतर पहुंचने से रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला: सुभाष लांबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र युवा आंदोलन को रोकने के उद्देश्य से दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशनों को बंद किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण सभा और लोकतांत्रिक विरोध के अधिकार पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक महीने से छात्र और युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक तथा शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं के विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से उठाना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार आंदोलन का समाधान संवाद से निकालने के बजाय दमनात्मक कदम उठा रही है।

सुभाष लांबा ने कहा कि आंदोलन में छात्रों और युवाओं की भागीदारी रोकने के लिए लोक कल्याण मार्ग, राजीव चौक, पटेल चौक, आर के आश्रम मार्ग, बाराखंबा रोड, सुप्रीम कोर्ट, सेवा तीर्थ, जनपथ, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, आईटीओ, दिल्ली गेट, इंद्रप्रस्थ, खान मार्केट, जोरबाग तथा शिवाजी स्टेडियम सहित 16 मेट्रो स्टेशनों को बंद करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान निहत्थे और शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़े जाने तथा वाटर कैनन के प्रयोग की भी तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से महिला छात्राओं के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गयाए उसने पूरे देश को झकझोर दिया है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। लांबा ने कहा कि आंदोलन को बदनाम करने के लिए पहले से पत्थरों से भरे ट्रक और क्षतिग्रस्त वाहनों जैसी घटनाओं ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यदि छात्रों और युवाओं ने समय रहते वीडियो और अन्य साक्ष्य सार्वजनिक न किए होते, तो शांतिपूर्ण आंदोलन को हिंसक बताकर उसे कुचलने का प्रयास सफल हो सकता था।

---

लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने किया सेमीनार का आयोजन

# मुसीबत की घड़ी में भरोसे पर खरी उतरी बीमा कंपनी

84 प्रतिशत पात्र दावों का निपटान 24 घंटे के भीतर किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस द्वारा एक सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025-26 में 99.31 प्रतिशत क्लेम सेटलमेंट रेश्यो दर्ज किया है।

कंपनी का दावा है कि यह उसका अब तक का सर्वोच्च प्रदर्शन है और लगातार चौथे वर्ष क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 99 प्रतिशत से ऊपर रहा। वर्ष के दौरान प्राप्त सभी मृत्यु बीमा दावों का निपटान वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले कर दिया गया, जिससे लंबित दावों की संख्या शून्य रही। कंपनी ने इंस्टा-क्लेम्स पहल के तहत 84 प्रतिशत पात्र दावों का निपटान 24 घंटे के भीतर किया। इससे जरूरतमंद परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सकी।

कंपनी के एमडी एवं सीईओ सुमित राय ने कहा कि जीवन बीमा भरोसे पर आधारित वादा है और कंपनी तेज, पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से दावों का निपटान कर ग्राहकों का विश्वास बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के अनुसार डिजिटल नवाचार, सुदृढ़ जोखिम आकलन और ग्राहक केंद्रित कार्यप्रणाली से दावों के निपटान की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया गया है।

---

वारदात की जानकारी देते एसीपी सूर्यबली

# व्यापारी की गाजियाबाद में दोस्तों ने की गोली मारकर हत्या, काजीपुरा में भी युवती का गला रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में गुरुग्राम में रेस्त्रां संचालक की उसी के दोस्त ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि बदमाशों ने एक महिला की भी गला काटकर हत्या कर दी। महिला का खून से लथपथ शव वेव सिटी थाना इलाके के काजीपुरा गांव के खेत मे पड़ा मिला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि 25 वर्षीय इस महिला की रेप के बाद हत्या की गई है।

सहायक पुलिस आयुक्त इन्दिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बुधवार की रात में करीब 1:00 बजे थाना इंदिरापुरम पर जरिये दूरभाष सूचना मिली कि कानावनी हिंडन रोड पर एक व्यक्ति को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मार दी गई। सूचना पर थाना इंदिरापुरम पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर विजय शर्मा नाम का व्यक्ति मिला। उसने बताया कि मृतक उसका दोस्त है जिसका नाम अमित सैनी है जोकि मूल रूप से गुड़गांव, हरियाणा के रहने वाले है। वह किसी काम से यहाँ आए हुए थे। जिसको रोककर दो व्यक्तियों द्वारा गोली मार दी गई। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को विजय शर्मा पर शक हुआ और विजय शर्मा से पूछताछ की। विजय शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसका अमित सैनी से व्यापारिक लेन-देन का विवाद था। उसने ही अपने अन्य दो दोस्तों के साथ मिलकर इनकी हत्या की है। सनी गुरुग्राम में अपना रेस्टोरेंट चलाता था। तथा टीमों का गठन कर अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। हत्या की दूसरी वारदात थाना वेव सिटी क्षेत्र में हुई पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह थाना वेव सिटी पर पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि काजीपुरा के एक खेत में जहाँ पर अचानक से बीच में से किसी के घसीटने के निशान हैं और फसल टूटी पड़ी है। इस सूचना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए थाना वेव सिटी की पुलिस पहुँची तथा जब जाँच की गई, तो एक महिला का शव बरामद हुआ है।

---

नए व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर

# छोटे कारोबारियों को मिलेगी राहत कैशफ्री नहीं लेगा पेमेंट गेटवे फीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

छोटे कारोबारियों, स्टार्टअप और ऑनलाइन बिक्री करने वाले नए व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर है। एआई-आधारित पेमेंट्स कंपनी कैशफ्री पेमेंट्स ने अपने प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले नए व्यवसायों को 31 मार्च 2027 तक पेमेंट गेटवे फीस में विशेष छूट देने की घोषणा की है। इस पहल के तहत नए व्यवसायों को पहले 20 लाख रुपए तक के ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू (जीएमवी) पर कोई पेमेंट गेटवे शुल्क नहीं देना होगा। इसका लाभ विशेष रूप से उन छोटे और तेजी से आगे बढ़ रहे कारोबारियों को मिलेगा, जो अपने उत्पादों और सेवाओं की बिक्री ऑनलाइन माध्यम से करते हैं। कैशफ्री पेमेंट्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश सिन्हा ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य छोटे और मध्यम व्यवसायों को डिजिटल कारोबार शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, त्योहारी सीजन से पहले प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले अधिकांश नए विक्रेताओं का कारोबार 20 लाख रुपए से कम रहता है, ऐसे में यह योजना उनके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। कंपनी का कहना है कि त्योहारी सीजन छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इसी दौरान उनकी सालाना बिक्री का बड़ा हिस्सा होता है। ऐसे में यदि शुरुआती कारोबारियों को पेमेंट गेटवे शुल्क से राहत मिलेगी।

---

रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी

# क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने देसी पिस्टल के साथ आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने अवैध हथियार पर कार्रवाई करते हुए 22 जुलाई को एक व्यक्ति को अवैध देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मोहित निवासी विष्णु कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर आगामी जांच के लिए 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया है।

पुलिस के अनुसार क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि मोहित के पास अवैध हथियार है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने मोहित को बल्लभगढ़ मंडी के पास से काबू किया है। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद हुई। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना आदर्श नगर में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी की बल्लभगढ़ मंडी मे आढ़त की दुकान है। उसका किसी के साथ लडाई झगड़ा चल रहा था। जिसके चलते वह करीब 2 महिने पहले ही अलीगढ़ से 30 हजार रुपए में देसी पिस्टल लेकर आया था। पुलिस टीम द्वारा सोर्स की तलाश के लिए रेड की जा रही है।



---

साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने गाजियाबाद से दबोचा

# टेलीग्राम टास्क के नाम पर 10.30 लाख रुपए की साइबर ठगी, खाता उपलब्ध करवाने वाला धराया

3 दिन के पुलिस रिमांड पर गहन पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय फरीदाबाद हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने टेलीग्राम टास्क के नाम पर 10,30,700 रुपए की साइबर ठगी के मामले में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उससे साइबर ठगी के नेटवर्क व अन्य सहयोगियों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके व्हाट्सएप पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को वाइब्रेंड डिजिटल सॉल्यूशंस कंपनी का इंटरव्यूअर बताया और ऑनलाइन कार्य कर अतिरिक्त आय अर्जित करने का झांसा दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां शुरुआत में कुछ छोटे-छोटे ऑनलाइन टास्क पूरे करने पर उसके खाते में राशि भेजी गई, जिससे उसका विश्वास जीत लिया गया।



इसके बाद शिकायतकर्ता को अधिक लाभ कमाने का लालच देकर तथाकथित प्रीपेड टास्क करने के लिए प्रेरित किया गया। आरोपियों के झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने 17 नवंबर से 20 नवंबर 2023 के बीच अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए में कुल 10,30,700 रुपए विभिन्न बैंक खातों में भेज दिये। जब उसने अपनी राशि और कथित मुनाफा वापस लेने का प्रयास किया तो आरोपियों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया और बाद में उससे संपर्क भी बंद कर दिया। स्वयं के साथ साइबर ठगी होने का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी, जिस पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया

जांच के दौरान साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों के लेन-देन तथा अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर मामले में संलिप्त अनुज कुमार, निवासी नवनीत विहार, खोड़ा कॉलोनी, जिला गाजियाबाद की पहचान की। पुलिस टीम ने 22 जुलाई 2026 को गाजियाबाद में दबिश देकर उसको गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने खाताधारक अजीत का बैंक खाता लेकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। जांच में सामने आया कि उक्त खाते में ठगी की राशि में से 9 हजार रुपए प्राप्त हुए थे।

---

थाना सदर बल्लभगढ़ के वर्ष 2025 के एक गो तस्करी के मामले में था वांछित

# क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने 5 हजार रुपए के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गौतस्करी करने के आरोप में पुलिस ने फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तार करने के दिये गये दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने 5,000 के इनामी आरोपी वकील उर्फ पिकअप निवासी गांव उटावड़, जिला पलवल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वह थाना सदर बल्लभगढ़ में दर्ज हरियाणा गौवंश संरक्षण एवं गौ संवर्धन अधिनियम के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था, जिस पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा 5,000 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

जिसको अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने 22 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी वकील को उसके गांव उटावड़ में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था और दक्षिण भारत में ट्रक चालक का कार्य कर रहा था। करीब दस दिन पहले ही वह अपने गांव वापस आया था। घटना के समय जिस वाहन में गौवंश को भरकर ले जाया जा रहा था, उसे आरोपी वकील उर्फ पिकअप चला रहा था। गाड़ी को मौका पर ही बरामद कर लिया गया था। बता दें कि फरवरी 2025 में पर्वतीय कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर थाना सदर बल्लभगढ़ में गौ तस्करी करने व वाहन चढ़ाने का प्रयास तथा फायरिंग करने के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया था। कैंटर गाड़ी में 21 गोवंश भरे हुए थे। जिस गाड़ी को पुलिस टीम ने मौका पर ही काबू कर लिया था।



**खबर संक्षेप**

### छात्र आंदोलन पर सम्राट चौधरी का पहला बयान



**पटना।** बिहार समेत देशभर में हो रहे छात्र आंदोलन पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि युवा हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनके सपनों और भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने (पेपर लीक के) दोषियों को कानून के तहत सख्त से सख्त सजा मिलने की बात कही है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।

### जौहर विवि में छात्र आंदोलन को सपा का साथ



**रामपुर।** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को ध्वस्त करने के आदेश के विरोध में चल रहे आंदोलन को समाजवादी पार्टी का खुला समर्थन मिला। बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमंडल दोपहर में यूनिवर्सिटी पहुंचा। उन्होंने गेट पर धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं का समर्थन किया। इस बीच बड़ी संख्या में मौजूद सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।

### झारखंड में जेपीएससी मेंस समेत 9 परीक्षाएं स्थगित



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने 14वीं जेपीएससी की मुख्य परीक्षा समेत आगामी नौ परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। नौ जुलाई को ही जेपीएससी की ओर से नौ प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर परीक्षा कैलेंडर जारी किया गया था। नौ प्रतियोगी परीक्षाओं के कुल 503 पदों के लिए अलग-अलग तिथियों में 25 जुलाई से 29 सितंबर तक परीक्षाएं होनी थीं।

**गोरखनाथ मंदिर में सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ**

# हर भारतीय के अंतः करण में पूरी श्रद्धा वभक्ति से जुड़ा है मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का नाम ,अभिवादन का स्वर है जय श्री राम

भगवान श्रीराम का नाम ऐसा है जिसे हर कोई अपने नजदीक पाता है। जीवन में भक्ति के बिना अंधकार, अराजकता व अज्ञानता होती है। जीवन में सुगमता को जानने के लिए हमें ज्ञान और भक्ति का अनुगामी बनना पड़ेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर सनातनी की श्वांस-श्वांस में प्रभु श्रीराम बसते हैं। भगवान श्रीराम का नाम ऐसा है जिसे हर कोई अपने नजदीक पाता है। जीवन में भक्ति के बिना अंधकार, अराजकता व अज्ञानता होती है। जीवन में सुगमता को जानने के लिए हमें ज्ञान और भक्ति का अनुगामी बनना पड़ेगा। यह ज्ञान और भक्ति हमें श्रीराम कथा और श्रीमद्भागवत जैसी पावन कथाओं के माध्यम से प्राप्त होती है।

**उत्तर प्रदेश के तीर्थों में ही प्राप्त होता है सनातन मूल्यों को जानने का अवसर**



**जीवन में भक्ति नहीं तो अंधकार**

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गुरुवार से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में व्यासपीठ का पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि जीवन में जहां भक्ति नहीं है, वहां अंधकार ही अंधकार है। भक्ति के बिना जीवन में अराजकता ही अराजकता और अज्ञानता ही अज्ञानता है।

**सनातन संस्कार का संबोधन 'राम राम जी'**

गोरक्षपीठाधीश्वर ने श्रीराम कथा की महत्ता को समझाते हुए कहा कि सनातन धर्म की परंपरा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का नाम ऐसा है जो हर भारतीय के अंतःकरण में पूरी श्रद्धा एवं पूरी भक्ति से जुड़ा है। हर सनातनी की श्वांस-श्वांस में प्रभु श्रीराम बसते हैं। भगवान श्रीराम का नाम ऐसा है जिसे चाहे बालक हो या वृद्ध, अधेड़ हो या जवान, गृहस्थ हो या विरक्त, हर कोई अपने नजदीक पाता है। सीएम योगी ने कहा कि देश के अंदर हम कहीं भी जाते हैं, चाहे कोई हिंदीभाषी हो अहिंदीभाषी, सबकी तरफ से अभिवादन का एक ही स्वर होता है- जय श्रीराम। उन्होंने कहा कि जय श्रीराम या राम राम जी का यह संबोधन हमारे सनातन संस्कार का संबोधन है।

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर हमला

**शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते कांग्रेस-सपा का अत्याचार**

# जो पहले आस्था पर प्रहार करते थे आज आस्थावान बने घूम रहे

गोरखपुर दौरे पर सीएम योगी ने 994 करोड़ रुपए की 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने सपा-बसपा और कांग्रेस पर आस्था, रोजगार, कानून-व्यवस्था और चीनी मिलों को लेकर निशाना साधा। साथ ही सरकार की विकास, रोजगार और निवेश संबंधी उपलब्धियां गिनाईं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर दौरे के दौरान जिले को 994 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 813.52 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं का लोकार्पण और 181.77 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होने कहा कि 2007 से 2017 के बीच 10 वर्षों में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन ने 29 चीनी मिलों को बंद किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय और शोषण किया, नौजवानों को बेरोजगार करने का पाप किया।

**खास बातें**

- 'माफिया और मच्छर' के लिए बदनाम था गोरखपुर
- रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले आस्था के ठेकेदार बन रहे

**2017 से पहले प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहद खराब थी**



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी। त्योहारों पर दंगे होते थे, कांवड़ यात्रा प्रभावित होती थी और व्यापारियों, किसानों तथा महिलाओं की सुरक्षा खतरे में रहती थी।

**नौकरियों पर था सैफई सिंडिकेट का कब्जा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार ने नौजवानों को बेरोजगार करने का पाप किया। कभी नौकरी निकली भी तो उस पर सैफई सिंडिकेट का कब्जा हो जाता था। सपा ने न सिर्फ नौकरियों पर डकैती डाली, बल्कि उसने नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, जिससे युवाओं की पढ़ाई, नौकरी, व्यापार, समृद्धि व भविष्य पर प्रश्न खड़े हुए। इन प्रश्नों का समाधान डबल इंजन सरकार ने निकाला। हमारी सरकार सुरक्षा के माहौल में विकास करने और बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2007 से 2017 तक प्रदेश की 29 चीनी मिलों को तत्कालीन कांग्रेस व सपा सरकारों ने बंद कर दिया।

**गोरखपुर माफिया और इंसेफ्लाइटिस के लिए बदनाम रहा**

गोरखपुर के विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी माफिया और इंसेफेलाइटिस के लिए बदनाम रहा शहर आज निवेश, पर्यटन और रोजगार का केंद्र बन रहा है। उन्होंने रामगढ़ताल को पर्यटन और आजीविका का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि यहां अब बड़े पैमाने पर पर्यटन गतिविधियां और फिल्म शूटिंग हो रही है। कार्यक्रम में सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी मुख्यमंत्री की विकास योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गोरखपुर की तस्वीर बदल गई है।

**बिहार में तेजी से फैल रहा छात्र आंदोलन**

## दरभंगा में पथराव, कटिहार में सीओ की आंख फूटी, शहर-शहर प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ पटना

नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर पर शुरू हुआ आन्दोलन बिहार के विभिन्न जिलों में तेजी से फैलता जा रहा है। बुधवार के बाद गुरुवार को भी पटना में छात्रों ने प्रदर्शन किया और पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज किया। इसी दौरान बेगूसराय डीएम ऑफिस पर प्रदर्शनकारियों ने ऐसा बवाल किया कि अफरातफरी मच गई। दरभंगा में विरोध मार्च के दौरान पुलिस पर पथराव की घटना हुई। डीएम और एसएसपी खुद मौके पर पहुंचे और इलाके को पुलिस छावनी बना दिया गया। इससे पहले कटिहार में आन्दोलनकारी छात्रों को समझाने आए अंचलाधिकारी की आंख पर पत्थर मारकर जख्मी कर दिया गया।

**युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में विरोध मार्च निकाला**

नीट पेपर लीक के विरोध में पटना व दिल्ली में मार्च निकाल रहे युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को दरभंगा जिला मुख्यालय में युवाओं ने विरोध मार्च निकाला। इस दौरान लोहिया चौक पर युवा उग्र हो गए। पुलिस की ओर से जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई तो प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दिया।

**पूरे इलाके की घेराबंदी**

सूचना मिलने पर डीआईजी मनोज तिवारी, डीएम कौशल कुमार और एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी मौके पर पहुंचे व स्थिति का जायजा लिया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

## पेज एक का शेष

**विपक्ष बताए चर्चा...**

और महुआ मोइत्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस दौरान बिरला ने विपक्षी नेताओं से सदन के अंदर पेपरलीक के मामले पर चर्चा करने का कुल समय और तारीख तय करने की बात कही। बाद में उन्होंने कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**युवाओं के भविष्य...**

गए दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट सजा देंगे। रिजिजू ने कहा कि चर्चा चाहे कितनी भी लंबी क्यों न हो? सरकार की तैयारी पूरी है। एक बार देश के सामने इस मसले पर चर्चा हो ही जाए कि किन राज्यों में कितनी बार पेपरलीक हुए हैं? इसके बाद भी हंगामा नहीं रुका और फिर लोकसभा की कार्यवाही को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**सरकार ने बातचीत ...**

होता है तो बात सिर्फ धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की ही नहीं रहेगी बात आप (पीएम मोदी) के इस्तीफे पर आ जाएगी। दीपके ने जंतर-मंतर पर मंच से प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा 'मोदी जी मेरा आपसे फिर से आग्रह है कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ले लीजिए वरना बात सिर्फ धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की नहीं रहेगी बात आपके इस्तीफे पर भी आ जाएगी। और वो आएगी जैसी आपकी हरकतें हैं। इतना तो मैं आप लोगों से कह सकता हूं कि बात आएगी।' दीपके ने आगे कहा 'छात्रों की बात सुन लीजिए। एक फेल और अयोग्य मंत्री इस देश के करोड़ों छात्रों से ज्यादा जरूरी नहीं हो सकता। अगर एक फेल और अयोग्य मंत्री करोड़ों छात्रों से ज्यादा जरूरी है तो याद रखना चुनाव में आपको इनमें से कोई वोट नहीं करेगा।'

**फिर बोले सोनमः सरकार भरोसा दे तो अनशन तोड़ सकता हूं :** उधर, अपनी मांग को दोहराते हुए एक्टिविस्ट सोनम वागंचुक ने कहा कि मंत्रियों और विपक्ष के नेताओं ने 65 सांसदों के हस्ताक्षर वाले पत्र के साथ मुझसे भूख हड़ताल खत्म करने और देश की सेवा में वापस लौटने की अपील की। मैं भी ऐसा ही करना चाहता हूं, मेरा काम भी अहम है। लेकिन मैं सरकार से गुजारिश करता हूं कि बच्चों के खिलाफ बल प्रयोग न करे। मैं इस बात का भरोसा चाहता हूं कि उन पर कोई आरोप या एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी, जिसके जरिए उन्हें पुलिस या जेल की धमकी दी जा सके। अगर मुझे जल्द ही यह भरोसा मिल जाता है, तो आपकी भावनाओं का सम्मान करते हुए मैं आज ही अपना अनशन तोड़ सकता हूं। लेकिन अगर मुझे ऐसा भरोसा नहीं मिलता है, तो अफसोस की बात है कि मुझे अपनी भूख हड़ताल जारी रखनी होगी।

**सरकार मेहनती ...**

जैसे अपराधों के खिलाफ़ तेज़ी से और कड़ा एक्शन लेने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे, ताकि दोषियों को तुरंत और कड़ी सज़ा मिल सके। जो लोग मेहनती छात्रों का भविष्य खतरे में डालते हैं, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**नीट पेपर चोरी...**

नहीं मिला। इसलिए सीबीआई ने उनके खिलाफ इस मामले में आरोपपत्र दाखिल नहीं किया। जांच एजेंसी के अनुसार, संजीव मुखिया उस समय फरार थे। बाद में बिहार पुलिस ने उन्हें अन्य मामलों में गिरफ्तार किया। चूंकि मामले की एफआईआर में भी उनका नाम दर्ज था, इसलिए सीबीआई ने उनसे पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड लिया। हालांकि पूछताछ और जांच के बाद भी उनके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया। सीबीआई ने स्पष्ट किया कि पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण उन्हें नीट 2024 मामले में चार्जशीट नहीं किया गया और इसी कारण उन्हें इस मामले में जमानत मिल गई। हालांकि जमानत मिलने के बाद भी वे न्यायिक हिरासत में रहे क्योंकि बिहार पुलिस द्वारा जांचे जा रहे अन्य मामलों में वे आरोपी हैं। सीबीआई ने कहा कि नीट 2024 प्रश्नपत्र चोरी मामले की जांच पूरी तरह से व्यापक, निष्पक्ष और साक्ष्य आधारित रही। एजेंसी ने इस साजिश में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान की, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की और यह सुनिश्चित किया कि इस अपराध में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून की प्रक्रिया से बच न सके। संजीव मुखिया के संबंध में उसकी स्थिति वर्ष 2024 में ही सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए वर्तमान में यह प्रचारित किया जाना कि उन्हें जानबूझकर जांच या आरोपपत्र से बाहर रखा गया, पूरी तरह तथ्यहीन और भ्रामक है।

**कहा- छात्र आंदोलनों...**

मिली। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को देश को बताना चाहिए कि बार-बार प्रश्नपत्र लीक क्यों हो रहे हैं। वहीं गृह मंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज क्यों किया गया। साथ ही उन्होंने पूछा कि दोनों मंत्रियों की जवाबदेही अब तक क्यों तय नहीं की गई। कांग्रेस महासचिव ने जंतर-मंतर के आसपास इंटरनेट सेवाएं बंद किए जाने की खबरों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। इंटरनेट बंद होने से प्रदर्शन कर रहे छात्रों के परिजन उनसे संपर्क नहीं कर पाएंगे और उनकी सुरक्षा एवं स्थिति की जानकारी भी नहीं मिल सकेगी। प्रियंका गांधी ने सरकार पर संसद की कार्यवाही को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई संसदीय सत्रों से भाजपा सांसद स्वयं संसद के बाहर प्रदर्शन करते रहे हैं, जबकि अब सरकार संसद को प्रभावी ढंग से चलने नहीं दे रही। उनके अनुसार, सत्तारूढ़ दल के सांसदों का यह व्यवहार उनकी ₹कमजोरी₹ को दर्शाता है। कांग्रेस ने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए और छात्रों की आवाज दबाने के बजाय उनकी चिंताओं का समाधान करना चाहिए।

**पेपर लीक पर लीक ...**

शुरू कर दी। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि प्रश्नकाल के दौरान किसी अन्य विषय पर चर्चा की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि यह सदस्यों के लिए सरकार से जवाब मांगने का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। ओम बिरला ने कहा कि सरकार पहले ही विपक्ष को आश्वस्त कर चुकी है कि वह नीट समेत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया, लेकिन विरोध जारी रहने के कारण लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। उधर, राज्यसभा में भी दिनभर गतिरोध बना रहा। दोपहर 3 बजे तीसरे स्थगन के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी दलों ने फिर नीट मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही चलाने का प्रयास किया, लेकिन लगातार हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही भी पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कांग्रेस के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर से मिलकर कर बताया कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बिना चर्चा बेमतलब है। उधर राज्यभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष केवल विरोध करना चाहता है, चर्चा नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने नीट सहित सभी मुद्दों पर चर्चा की पेशकश की है, लेकिन कांग्रेस सदन चलने नहीं देना चाहती। वहीं, उच्च सदन में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने विपक्ष के रवैये को अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले नीट पर चर्चा की मांग कर रही थी और सरकार ने उस पर सहमति भी दे दी, लेकिन अब उसने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की नई शर्त जोड़ दी है। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य चर्चा नहीं बल्कि संसद की कार्यवाही बाधित करना है।

**ईपीएफओ अधिकारी ...**

कथित तौर पर धमकी दी कि यदि उसकी मांग पूरी नहीं की गई तो वह अपने प्रतिकूल प्रतिवेदन में भारी आकलन और जुर्माने की सिफारिश करेगा। आरोपी ने शिकायतकर्ता को फोन कर 21 जुलाई को चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया। यहां हुई मुलाकात के दौरान उसने जांच को कम से कम आकलन और न्यूनतम जुर्माने के साथ बंद कराने के एवज में 4 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने 22 जुलाई को जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी अधिकारी को शिकायतकर्ता से 2.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तारी के बाद शुभम त्यागी को गुरुवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**रक्षा मंत्री ने दी टीम ...**

अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने परीक्षण पर पूरी सक्रियता के साथ निगरानी रखी और इसकी सफलता के लिए समूची टीम को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

**प्रशासन ने आरोपी छात्रों पर की कार्रवाई**

## सीजेपी आंदोलन के बीच बीएचयू में 110 छात्र किए गए ब्लैकलिस्ट



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

दिल्ली में एक तरफ कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले छात्रों का आंदोलन चल रहा है। आंदोलन की धमक वाराणसी तक सुनाई दे रही है। छात्रों का दल लगातार प्रदर्शन करते दिखे हैं। इस बीच बनारस हिंदू विश्वविद्यालय प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। यूनिवर्सिटी प्रशाासन ने 110 छात्र-छात्राओं के खिलाफ कार्रवाई की है। गंभीर अपराधों में शामिल रहे छात्र-छात्राओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के एडमिशन प्रक्रिया के शुरू होने से पहले यह निर्णय सामने आया है।

**36 छात्रों पर कठोर दंड**

काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन छात्रों को ब्लैकलिस्ट करते हुए दंडित किया है। कार्रवाई का उद्देश्य परिसर में अनुशासन, सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल बनाए रखना बताया गया है। छात्रों पर एक्शन को लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से आदेश जारी किया गया। इसमें 110 छात्रों के नाम की सूची है। इस सूची में शामिल 36 छात्रों को अब बीएचयू के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही, वे यूनिवर्सिटी में कभी भी नौकरी नहीं कर पाएंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से 57 छात्रों को निलंबित किया गया है। वहीं, 8 छात्रों के यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रवेश को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। बचे अन्य छात्रों के खिलाफ निष्कासन और अलग-अलग प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

**ज्ञानेन्द्र शर्मा की पत्रकारिता विरासत को किया याद**

## वरिष्ठ पत्रकार सुनीता ऐरन को ज्ञानेन्द्र शर्मा स्मृति पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

एक मीडिया संगठन द्वारा आयोजित 'ज्ञानेन्द्र शर्मा स्मृति पुरस्कार-2026' समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रदेश की पहली महिला समाचार-पत्र संपादक सुनीता ऐरन को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह सम्मान हिंदी पत्रकारिता के वरिष्ठ हस्ताक्षर स्वर्गीय ज्ञानेन्द्र शर्मा (1944–2024) की स्मृति में प्रदान किया गया। समारोह में स्व. ज्ञानेन्द्र शर्मा के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उनके पत्रकारिता जीवन, मूल्यों और समाज के प्रति योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि स्व. ज्ञानेन्द्र शर्मा ने पाँच दशकों से अधिक समय तक सत्य, निष्पक्षता और जनसरोकारों को केंद्र में रखकर पत्रकारिता की और आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित किए। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि ₹पत्रकारिता जनसेवा है, सत्य, साहस और संवेदनशीलता ही इसकी पहचान है। इस अवसर पर स्व. ज्ञानेन्द्र शर्मा के पत्रकारिता आदर्श—सत्य की खोज, जन की आवाज़, समाज का दर्पण और कलम की ताकत—को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया गया।

**निर्माण पर गरजे कई बुलडोजर**

**कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में एलडीए के अधिकारी मौजूद**

## लखनऊ में पूर्व सपा विधायक के अवैध कॉम्प्लेक्स पर योगी सरकार का ऐक्शन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी की राजधानी लखनऊ में जियामऊ क्षेत्र में एलडीए के प्रवर्तन जोन छह की टीम ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय के पास आवंटित जमीन के पास पूर्व सपा विधायक रामपाल के अवैध कॉम्प्लेक्स पर तगड़ा ऐक्शन हुआ है। यहां सड़क प्रस्तावित है और काम्पलेक्स नजूल भूमि पर बना है। अवैध निर्माण को ढहाने के लिए कई जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में एलडीए के अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

एलडीए अधिकारियों के अनुसार करीब 3000 वर्गमीटर नजूल भूमि पर अवैध कब्जा कर कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया था। इस भूमि को खाली कराकर यहां प्रस्तावित सड़क का निर्माण कराया जाना है, जिससे लंबे समय से अटकी परियोजना कार्य आगे बढ़ सके।




**500 मीटर लंबी सड़क बनेगी**

प्राधिकरण के मुताबिक इस स्थान पर करीब 500 मीटर लंबी नई सड़क बनाई जाएगी। इसमें जियामऊ पेट्रोल पंप की ओर लगभग 300 मीटर तथा जियामऊ बस्ती की ओर करीब 200 मीटर सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध कब्जे के कारण यह परियोजना लंबे समय से अटकी हुई थी।

**पहले भी हुई थी कार्रवाई**

एलडीए अधिकारियों ने बताया कि इस अवैध निर्माण के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की गई थी और भवन का कुछ हिस्सा ध्वस्त किया गया था। हालांकि विभिन्न कारणों से अभियान अधूरा रह गया था। अब सड़क परियोजना को ध्यान में रखते हुए दोबारा व्यापक स्तर पर ध्वस्तीकरण कराया गया और भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

**अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा**

एलडीए का कहना है कि नजूल भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सार्वजनिक परियोजनाओं और विकास कार्यों में बाधा बनने वाले अवैध निर्माणों को नियमानुसार हटाया जाएगा, ताकि विकास कार्य समय पर पूरे किए जा सकें।

जानकारी / शिखर चंद जैन

# आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान



दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

### अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

**बादलों का** ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

### बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर



**लंबी उड़ान** भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि एक 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

### रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी



**रेड नॉट** आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

### आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर




**अपनी प्रवास** यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

### कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है



**यह पक्षी** अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

### ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर



**'समुद्री डाकू'** के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

### ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड



**जहां दूसरे** पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

# और खाओ रसगुल्ले!



एआई इमेज



छोटी कहानी
शिव मोहन यादव

मोहन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का ही गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'

आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी।' मोहन झेंपते हुए बोला। उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# प्यारी कविताओं का संग्रह

बच्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।





संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

**किताब:** चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक:** नरेंद्र भूषण,
**मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले



**चिंटू:** जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार ड्राइवर।
**चिंटू:** जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार मैकेनिक।
**चिंटू:** और जो कार को पेंट करता है, उसे?
**मिंटू (कुछ देर सोचने के बाद):** कारपेंटर!

-रजनी, दिल्ली

**सोनू:** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मोनू:** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।

-कुशल, रोहतक

## जीके क्विज-215

1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-214 का उत्तर :** 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

**जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर



कहानी
अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

# रंग-बिरंगी छतरी



एआई इमेज

राजू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा, 'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? उसे मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया, 'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता
राजा चौरसिया




एआई इमेज

## वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.मेढक ने जो डाल पकड़ी है, उस पर लगा फल छोटा है। 2. मेढक के निचले बाएं पैर (पश्चपाद) की बीच वाली अंगुली छोटी है। 3. मेढक के अगले बाएं पैर (अग्रपाद) की अंगुलियां मुड़ी हुई हैं। 4.दाईं तरफ मेढक की जीभ के नीचे उड़ रहा पतंगा गायब है। 5.मेढक की दाईं आंख की पुतली ऊपर की तरफ है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



मप्र विधानसभा में भी जोरशोर के साथ उठा दिल्ली में छात्रों के आंदोलन का मुद्दा

# कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिया, स्पीकर बोले- दिल्ली का मुद्दा, इसलिए अग्राह्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसून सत्र में बुधवार को कांग्रेस ने दिल्ली में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन पर हुए लाठी चार्ज का मुद्दा उठाया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चूंकि दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर लाठी चार्ज का मुद्दा केंद्र सरकार के अधीन है। नियमानुसार यह स्थानीय होना चाहिए। इसलिए यह प्रस्ताव अग्राह्य किया जाता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अध्यक्ष की व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुए। सदन में इस पर जमकर हंगामा हुआ।

कांग्रेस व भाजपा दोनों तरफ के सदस्यों ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। इसके बाद सदन की कार्रवाई कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर अध्यक्षीय व्यवस्था देते हुए स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मैंने पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को सुना है। भैरव सिंह बापू, सचिन यादव, दिनेश चंद्र बोस, रामकिशोर दोगने, सुरेश राजे ने दिल्ली स्थित जंतर-मंतर में आंदोलनकारी छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के संबंध में स्थगन प्रस्ताव दिया है। मैनें उसका अवलोकन किया है। इसमें पाया कि यह सूचनाएं 9 बजे के बाद अर्थात 10.25 बजे प्राप्त हुई है। यह स्थगन राज्य शासन के प्रशासनिक कार्य एवं उत्तरदायित्व के संबंध में भी नहीं है। स्थगन के संबंध में अध्यक्ष के अस्थाई आदेश 123 में एवं प्रपत्र भाग 2 क्रमांक 38, 16 जून 2026 में भी स्पष्ट उल्लेख है की 9 बजे के बाद प्राप्त सूचनाओं को अगले दिन प्राप्त की हुई माना जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के लिए आवश्यक है कि उसका विषय राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य अथवा उसके उत्तरदायी होना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बोले कि आप युवा वर्ष मना रहे हैं तो मैं चाहता हूं कि इस पर स्थगन प्रस्ताव लेकर चर्चा की जाए

विपक्ष ने आसंदी के पास पहुंचकर की नारेबाजी



नेता प्रतिपक्ष सिंघार सहित कांग्रेसी विधायक प्रदर्शन करते हुए

### स्पीकर ने कहा

- सूचनाएं 9 बजे के बाद अर्थात 10.25 बजे प्राप्त हुई, इन्हें अगले प्राप्त हुआ माना जाएगा
- स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता के लिए आवश्यक है कि उसका विषय राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्य अथवा उसके उत्तरदायी होना चाहिए

### 'प्रश्नकाल से शून्य काल तक' पुस्तक का दिया हवाला

स्पीकर ने सभापति व्यवस्थाओं में एवं पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की पुस्तक 'प्रश्नकाल से शून्य काल तक' के पेज 234 में स्पष्ट लिखा है कि विषय शासन के कार्यकलापों से संबंधित होना चाहिए। इसमें स्पष्ट किया गया है कि यह स्थगन प्रस्ताव का विषय नहीं हो सकता। सारे तथ्यों पर विचार करने के बाद विधानसभा का नियम- प्रक्रिया के तहत इस प्रस्ताव को उठाने की अनुमति नहीं देता।

### दिल्ली में मप्र के हजारों लाखों छात्र अध्ययनरत, यह विषय बनता है

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि दिल्ली में किस प्रकार से लाठी चार्ज हुआ, उस में मप्र के भी हजारों छात्र थे। मप्र की भी दो छात्राओं की नीट परीक्षा में मौत हो गई है। प्रदेश के हजारों लाखों छात्र का मामला है। आप युवा वर्ष मना हैं तो मैं चाहता हूं कि इस पर स्थगन प्रस्ताव लेकर चर्चा कराई जाए।

सिंघार बोले: नीट पेपर लीक पर चर्चा से भाग रही सरकार

## कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर पहुंचे विधानसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने नीट पेपर लीक और दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतंत्र और युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान विधायकों ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो कि तख्तियां लेकर भी नारेबाजी की। सिंघार ने कहा कि दिल्ली में अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। कांग्रेस ने सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की, लेकिन भाजपा सरकार जवाब देने से बचती रही। जब राहुल गांधी के धरने के बाद केंद्र सरकार लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हो गई, तो मप्र की भाजपा सरकार विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा से क्यों भाग रही है।

- सरकार छात्रों को कीड़े मकोड़े कह रही

मप्र आयुर्विज्ञान विवि (संशोधन) विधेयक विधानसभा से पारित

## स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार के अनुरूप विवि व्यवस्था को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कदम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा में आज मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक विधानसभा से पारित हो गया। इस पर चर्चा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के अभूतपूर्व विस्तार को देखते हुए विश्वविद्यालय व्यवस्था को अधिक सक्षम, प्रभावी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना समय की आवश्यकता



है। वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढ़कर 33 हो गए हैं।

इसी प्रकार एमबीबीएस सीटें 760 से बढ़कर 5,550 तथा स्नातकोत्तर (पीजी) सीटें 140 से बढ़कर 2,862 हो चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 10 हजार तथा पीजी सीटों की संख्या 5 हजार तक पहुंचाना है, ताकि प्रदेश में डॉक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। चिकित्सा शिक्षा संस्थानों और विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि के कारण विश्वविद्यालयों पर परीक्षा, मूल्यांकन, परिणाम, संबद्धता, शोध, नवाचार तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने का दायित्व भी लगातार बढ़ा है। संशोधन के माध्यम से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और समयानुकूल बनाया गया है, जिससे विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं बेहतर शैक्षणिक सेवाएं मिल सकेंगी।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को सम्मान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं प्रतिकुलपति के स्थान पर कुलगुरु एवं प्रति-कुलगुरु जैसे भारतीय परंपरा आधारित पदनाम अपनाए गए हैं। यह भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्यों को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। संशोधन के माध्यम से कुलगुरु के चयन की प्रक्रियाको और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाया गया है। अब स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले योग्य शिक्षाविद कुलगुरु पद के लिए पात्र होंगे। साथ ही केवल शासकीय संस्थानों तक सीमित पात्रता समाप्त कर राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट स्वास्थ्य शिक्षा विशेषज्ञों को भी अवसर उपलब्ध कराया गया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सरकार केवल वर्तमान आवश्यकताओं के आधार पर नहीं, बल्कि आने वाले 20-25 वर्षों की स्वास्थ्य शिक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर निर्णय ले रही है, ताकि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा, शोध और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिल सके। चर्चा के उपरांत मध्यप्रदेश विधानसभा ने मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया।

विधानसभा में गलत जानकारी देने पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप ने दिया संशोधन वक्तव्य

## जयवर्धन सिंह के लगातार सवाल उठाने के बाद सरकार को स्वीकारनी पड़ी गलती

**भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दे पर आखिरकार सरकार को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी। विधानसभा में जुलाई 2025 के सत्र में जयवर्धन सिंह द्वारा पूछे गए एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से गलत जानकारी प्रस्तुत की गई थी। लगातार आपत्ति, पत्राचार और नियमों के तहत की गई कार्यवाही के



बाद स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विधानसभा में औपचारिक संशोधन वक्तव्य प्रस्तुत किया। जयवर्धन सिंह ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को विधानसभा में पूछे गए उनके तारांकित प्रश्न के उत्तर में विभाग द्वारा तथ्यात्मक रूप से गलत जानकारी दी गई थी। इसके बाद नवंबर 2025 के विधानसभा सत्र में जयवर्धन सिंह ने पुनः उसी विषय पर प्रश्न लगाया।

### छात्रों को 'कीड़ा' कहे जाने के आरोपों पर विजयवर्गीय का खंडन

**भोपाल।** विधानसभा में छात्रों को 'कीड़ा' कहे जाने के आरोपों पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सफाई देते हुए इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया कि उन्होंने छात्रों के लिए ऐसे किसी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया और न ही उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा था। उन्होंने कहा कि विपक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है।



## कुशल्स का '9 टू शाइन' ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च

**नई दिल्ली।** मीटिंग्स, कॉफी ब्रेक, क्लाइंट प्रेजेंटेशन, ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन या ऑफिस के बाद की योजनाएँ, कामकाजी महिलाओं का हर दिन अलग होता है। इन्हीं बदलती भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का जश्न मनाते हुए, भारत के अग्रणी फैशन ज्वेलरी ब्रांड कुशल्स फैशन ज्वेलरी ने अपना नया '9 टू शाइन' वर्कवियर ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च किया है। इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें मॉडल्स की जगह अलग-अलग पेशों से जुड़ी वास्तविक प्रोफेशनल महिलाओं को शामिल किया गया है, जो अपने आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के साथ इस कलेक्शन को जीवंत बनाती हैं।यह अभियान वास्तविकता और विविधता पर आधारित है। इसमें उद्यमियों, एचआर प्रोफेशनल्स, क्लिनिकल रिसर्चर्स और कई अन्य क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को शामिल किया गया है। हर महिला अपनी अलग कहानी, व्यक्तित्व और स्टाइल के साथ यह संदेश देती है कि ज्वेलरी सिर्फ खास मौकों के लिए नहीं, बल्कि आज की महिलाओं की रोजमर्रा की पहचान और आत्मविश्वास का भी हिस्सा है।'9 टू शाइन' कलेक्शन उन महिलाओं के लिए तैयार किया गया है, जिनका ऑफिस लुक हर दिन उनके मूड और काम के अनुसार बदलता है। कभी पॉवर सूट, कभी एथनिक पहनावा, कभी को-ऑर्ड सेट और कभी कैजुअल डेनिम्स, यह कलेक्शन हर तरह के ऑफिस आउटफिट, हर मूड और हर व्यक्तिगत स्टाइल के साथ सहजता से मेल खाने वाली ज्वेलरी पेश करता है।

जनशिकायतों की सुनवाई के दौरान लापरवाही पर अधिकारियों पर गाज

## एएसआई व एसडीओ सस्पेंड, सोलर कंपनी के कनेक्शनों की जांच के आदेश

सिरसा में कष्ट निवारण समिति की बैठक में 19 में से 18 शिकायतों का मौके पर निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनशिकायतों की सुनवाई के दौरान लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अलग-अलग मामलों में रानियां थाना के एक एएसआई और बिजली निगम के एक एसडीओ को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्यूबवेल कनेक्शन में हुई अनियमितताओं की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका



की पड़ताल के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने सोलर पैनल कंपनी सोम कॉर्पोरेशन द्वारा जिले में लगाए गए सभी कनेक्शनों की जांच कराने तथा गुडियाखेड़ा निवासी विनोद कुमार की शिकायत पर कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कुल 19 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 18 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि एक शिकायत लंबित रखी गई। मारपीट के एक मामले में ढाणी सतनाम निवासी कमलेश कौर की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। शिकायत में नाबालिग बच्चे से समझौते पर हस्ताक्षर करवाने की बात सामने आने पर उन्होंने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए कार्रवाई के आदेश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंक द्वारा प्रीमियम काटने के बावजूद मुआवजा नहीं देने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने संबंधित बैंक के खिलाफ कार्रवाई कर ब्याज सहित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं पशुपालन एवं डेयरी विभाग के दिवंगत कर्मचारी की पेंशन से जुड़े मामले में भी जांच के आदेश दिए। ट्यूबवेल कनेक्शन संबंधी एक अन्य शिकायत में वर्ष 2010 में दूसरे की जमीन पर कनेक्शन जारी होने की बात सामने आने पर मुख्यमंत्री ने तत्कालीन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई तथा एडीसी से जांच कराने को कहा।


तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई पुलिस जांच जारी

## भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर थाना क्षेत्र के सेंट्रल एवेन्यू रोड पर गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने भिलाई नगर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दोनों युवकों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला।

उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के बताया कि तेज रफ्तार कार सेक्टर-9 से सेक्टर-6 की ओर जा रही थी। इसी दौरान सेंट्रल एवेन्यू रोड पर कार अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद वह सड़क किनारे लगे एक विशाल पेड़ से जोरदार तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस खंगाल रही आसपास के सीसीटीवी फुटेज

हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान दीपक गुप्ता और कौशिक दास के रूप में हुई है। दोनों युवक भिलाई के सेक्टर-6 के रहने वाले थे। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है, जिससे उनमें शोक का माहौल है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता चल सके और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

आरोपी के घर घरेलू कामकाज करती थी पीड़िता

## किशोरी से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला महिला उपसरपंच के पति पर लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भफौली में 15 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव की महिला उपसरपंच के पति तरुण जायसवाल पर यह गंभीर आरोप लगा है।

पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने पुलिस पर शिकायत दर्ज करने में छह घंटे की देरी का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली बालिका उपसरपंच के घर घरेलू काम करने जाती थी। आरोप है कि बीती 20 जुलाई को तरुण जायसवाल के घर बालिका काम करने गई थी। वह देर रात 12 बजे वापस लौटी। पीड़िता ने



बताया कि तरुण जायसवाल ने उसे पहले अश्लील वीडियो दिखाया। इसके बाद उसने बलपूर्वक अनाचार किया। घटना के बाद ग्रामीणों के एकजुट होने पर सरपंच जगजीवन पैंकरा को जानकारी दी गई। तरुण जायसवाल ने एयरगन निकालकर शिकायत करने पर गोली मारने की धमकी दी। उसने आठ लाख रुपये में समझौता करने का दबाव भी बनाया। धमकी के कारण परिजन दो दिनों तक सहमे रहे।

### आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बुधवार, 21 जुलाई को वे सरपंच जगजीवन पैंकरा के साथ कोतवाली पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें करीब छह घंटे तक पूछताछ के नाम पर बैठाए रखा। विरोध के बाद पुलिस ने अंततः मामला दर्ज किया। प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस पर मामले को लटकाने का प्रयास करने का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि वह महिला उपसरपंच के घर झाड़ू-पोछा का काम करती थी। उपसरपंच के पति तरुण जायसवाल ने इसी का फायदा उठाया। वह किशोरी को स्कूल से भी काम करने के बहाने घर ले जाता था। शिक्षकों के मना करने के बावजूद वह ऐसा करता था। घटना के बाद आरोपी गांव से फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गुरुवार, 22 जुलाई 2026 को अंबिकापुर के चोपड़ापारा इलाके से हिरासत में ले लिया है।

बुधवारी बाईपास मार्ग स्थित एक वाहन स्टैंड पर कार्रवाई

## जुए की फड़ पर छापा, आठ लोगों को पकड़ा, 18 हजार रु. भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मानिकपुर चौकी पुलिस ने बुधवारी बाईपास मार्ग पर स्थित एक वाहन स्टैंड पर छापा मारा। यहां वाहन स्टैंड की आड़ में खुलेआम जुए का फड़ सजाया जा रहा था। पुलिस ने जुआ खेलते आठ लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को यह कार्रवाई की गई।

पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जुआरी सड़क किनारे वाहन स्टैंड के पास ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए सभी आरोपी पेशे से ड्राइवर हैं। वे खाली समय में जुआ खेलने के लिए यहां इकट्ठा होते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 18 हजार रुपये नकदी जब्त किए। कई मोबाइल फोन, ताश की गड्डी और अन्य जुआ सामग्री भी बरामद की गई।

### मौके से शराब की बोतलें और डिस्पोजल भी मिले

वाहन स्टैंड के आसपास शराब की खाली बोतलें और डिस्पोजल गिलास भी मिले। इससे जुए के साथ-साथ शराबखोरी की आशंका जताई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में जलील आलम (34 वर्ष, निवासी आरक्षी लाइन मानिकपुर), रहीम (26 वर्ष, निवासी पथरीपारा रामपुर कोरबा) शामिल हैं। साहिल अली (31 वर्ष, निवासी गामलीला मोहारा छडामार कोरबा) और आनंद विश्वकर्मा (34 वर्ष, निवासी धर्मौपारा छडामार कोरबा) भी गिरफ्तार हुए। गजेंद्र साहू (38 वर्ष, निवासी संतपार मार्ग कोतवाली), अमीक अहमद (48 वर्ष, निवासी रेलवे स्टेशन रामलीला ग्राउंड), मोहम्मद आलम (32 वर्ष, निवासी धुंआधार पारा कोरबा) और साबिर (35 वर्ष, निवासी संतोषी कुटी छडामार, थाना कोतवाली कोरबा) भी पकड़े गए।

### सभी आरोपियों पर जुआ एक्ट की कार्रवाई

मानिकपुर चौकी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुधवारी बाईपास स्थित वाहन स्टैंड के पास दबिश दी गई थी। उन्होंने कहा कि मौके से आठ जुआरियों को पकड़ा गया है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## चिंतन

# पीएम की फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा सकारात्मक पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाने और दोषी पाए जाने पर सख्त सजा देने की घोषणा करके संदेश दिया है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने और छात्रों हितों के प्रति गंभीर है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने गतिरोध तोड़ने के लिए प्रदर्शनकारी छात्रों को चार बार वार्ता का न्योता भेजा है। हालांकि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कार्यालय या आवास पर वार्ता के लिए नहीं जाएंगे। वे जंतर-मंतर पर ही मंत्री के साथ वार्ता करेंगे। मौके की नजाकत को देखते हुए छात्रों को भी नरम रुख अपनाते हुए वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। यदि दोनों पक्ष सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे आएं तो सभी मुद्दों का समाधान निकल सकता है। सामान्य न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे मामलों का वर्षों तक लंबित रहना न केवल न्याय में देरी का कारण बनता है, बल्कि अपराधियों के मनोबल को भी बढ़ाता है। यदि विशेष अदालतों के माध्यम से समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित होती है और दोषियों को कठोर दंड मिलता है तो यह भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में प्रभावी साबित हो सकता है। साथ ही परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि केवल सजा की व्यवस्था ही पर्याप्त नहीं होगी। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी मजबूत करना और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही आवश्यक है। दूसरी ओर, आंदोलन कर रहे छात्रों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझना होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यदि छात्र अपनी मेहनत और भविष्य को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। सरकार द्वारा कई बार वार्ता का प्रस्ताव दिया जाना सकारात्मक संकेत है। अब छात्रों को भी संवाद का अवसर गंवाना नहीं चाहिए। बातचीत किसी भी विवाद का सबसे प्रभावी और लोकतांत्रिक माध्यम है। यदि वार्ता होती है तो केवल तत्काल मांगों पर ही नहीं, बल्कि भविष्य में परीक्षा सुधारों पर भी ठोस सहमति बन सकती है। इसके साथ ही आंदोलन को उसकी मूल भावना तक सीमित रखना भी आवश्यक है। किसी भी जन आंदोलन में समय के साथ विभिन्न राजनीतिक या अन्य हित समूह सक्रिय होने का प्रयास करते हैं। यदि आंदोलन का उद्देश्य छात्रों के अधिकार और परीक्षा सुधार हैं तो उसे उसी दिशा में केंद्रित रहना चाहिए। हिंसा, टकराव या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करती हैं और वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। पुलिसकर्मियों पर हमले या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली घटनाएं किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की भावना के अनुरूप नहीं कही जा सकतीं। यदि कहीं ऐसे तत्व सक्रिय हैं जो आंदोलन को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, तो छात्रों को स्वयं उनसे दूरी बनानी चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी इस मुद्दे पर केवल राजनीतिक लाभ-हानि के बजाय रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। युवाओं का भविष्य किसी भी दलगत राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह समय टकराव का नहीं, बल्कि विश्वास बहाली का है। फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।



मुद्दा
राज कुमार सिन्हा

# परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक टकराव

> बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला।

भारत में शिक्षा और सार्वजनिक भर्ती परीक्षा प्रणाली को लेकर उपजा असंतोष अब एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। पिछले लगभग एक महीने से हजारों छात्र-छात्राएं और युवा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में गहराते संकट के लिए जवाबदेही तय की जाए तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल की जाए। पिछले एक दशक में देशभर में केंद्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं, जिनसे लगभग 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। इनमें नीट-यूजी, यूजीसी-नेट, एसएससी तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस और शिक्षक भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। भारत की 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 34.5 से 37.1 करोड़ युवा आबादी, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है, इस व्यवस्था से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर तीन सप्ताह से आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला। इसके बाद छात्रों ने संसद तक मार्च का आह्वान किया। दिल्ली, मुंबई, पटना, बेंगलुरु सहित अनेक शहरों में कैंडल मार्च, धरने और प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। सिख समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बड़ी संख्या में आम नागरिक भी भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। इस मानवीय सहयोग ने आंदोलन को सामाजिक संवेदना का भी स्वरूप प्रदान किया है। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ। पुलिस ने आंसू गैस, लाठीचार्ज तथा अन्य बल प्रयोग के माध्यम अपनाए। अनेक प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जबकि पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। आंदोलनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सादे कपड़ों में मौजूद लोगों ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसा की तथा बैरिकेडिंग में करंट और कीलों वाली लाठियों का प्रयोग किया गया। पुलिस पर पैलेट गन के इस्तेमाल के भी आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग उठ रही है। सरकार ने जंतर-मंतर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए, कई मेट्रो स्टेशनों को




अस्थायी रूप से बंद किया तथा पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में बदल दिया। केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शनों को संभालने के लिए 3000 अतिरिक्त सशस्त्र पुलिसकर्मी भेजे हैं। यह कदम दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर उठाया गया है।

राजधानी के संवेदनशील हिस्सों जंतर-मंतर से संसद भवन तक खासतौर से इसके आसपास के इलाकों को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया गया है। जमीनी घेराबंदी के अलावा दिल्ली की सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से पूरी तरह से लैस किया गया है। इसके बावजूद अगले दिन भी बड़ी संख्या में छात्र आंदोलन स्थल पर पहुंचे और संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में प्रदर्शन किया और गिरफ्तार हुए।

उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, शरद पवार, सुप्रिया सुले, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह सहित कई नेताओं ने जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। संसद में भी विपक्ष ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। एमनेस्टी इंटरनेशनल सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग पर चिंता व्यक्त की और लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से अपनी बात रखने तथा धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि उनकी लड़ाई केवल किसी एक परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया की नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही स्थापित करने की है। उनकी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पेपर लीक मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, भर्ती प्रक्रियाओं की समयबद्धता, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में जवाबदेही तय करना तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करना शामिल है। यह आंदोलन अब केवल परीक्षा सुधार का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और शासन की जवाबदेही से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। यदि सरकार आंदोलनकारी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध निर्णय लेती है, तो स्थिति शांत हो सकती है और शिक्षा व्यवस्था में सुधार का रास्ता खुल सकता है। इसके विपरीत यदि केवल पुलिस बल और प्रशासनिक नियंत्रण के माध्यम से आंदोलन को दबाने का प्रयास जारी रहता है, तो युवाओं का असंतोष और व्यापक हो सकता है।

ऐसी स्थिति में यह आंदोलन देशव्यापी छात्र-युवा अभियान का रूप लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को भी अपने साथ जोड़ सकता है। इससे संसद, न्यायपालिका और सरकार पर संस्थागत सुधारों का दबाव बढ़ने की संभावना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी संकट का सबसे प्रभावी समाधान संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही है। इसलिए आने वाले समय में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत, विश्वास बहाली और शिक्षा सुधारों पर ठोस पहल ही यह तय करेगी कि यह संघर्ष टकराव की दिशा में बढ़ता है या फिर भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है। उधर, संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे के नाम रहा। पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बना राजनीतिक गतिरोध है। सरकार और विपक्ष, दोनों को टकराव छोड़कर संवाद का रास्ता तलाशना होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



# सांस्कृतिक जुड़ाव को बल दें भाषाएं

कोई भी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं होती। देश, समाज या किसी समुदाय विशेष की परंपराओं और संस्कृति के अनगिनत रंग सहेजे होती है। भाषाएं समग्र रूप से देश की संस्कृति को अगली पीढ़ियों तक ले जाने का काम करती हैं। यही वजह है कि संस्कृति के इन रंगों को जीवन से जोड़े रखने और विरासत सहेजने के लिए भाषाओं को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। असल में भाषायी विविधता सोच और समझ के नए द्वार भी खोलती है। मानवीय भावनाओं को साझेपन का परिवेश बनाती है। यही वजह है कि किसी एक भाषा के विलुप्त होना उसके शब्दों का खत्म होना भर नहीं, बल्कि एक समाज विशेष के सदियों पुराने इतिहास, लोकगीत, उत्सव, रीति-रिवाज, लोक-साहित्य और जीवनयापन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान के खत्म होने जैसा है। विशेषकर मातृभाषा से दूर होना होना तो इंसान की मौलिक अभिव्यक्ति की सहजता और गहराई ही छीन लेता है। हाल ही में कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' यानि 'शब्द संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी विरासत को संभालती है और उसकी संस्कृति को समझने का जरिया बनती है। इसीलिए अपनी मातृभाषा सीखने के साथ-साथ हर विद्यार्थी को कम से कम एक और भारतीय भाषा अवश्य सीखनी चाहिए, ताकि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को और बेहतर तरीके से समझ सकें। यह विचार सकारात्मक और सराहनीय तो है ही, सांस्कृतिक विविधता के लिए दुनियाभर में मान पाने वाले हमारे देश की नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने वाला भी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित 'शब्दलोक' संग्रहालय भी भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को ही समर्पित है। संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक और संवादात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की मौखिक और लिखित भाषाई परंपराओं के विकास की यात्रा को दर्शाया गया है। वस्तुतः, भाषाएं किसी भी देश की विरासत को आगे बढ़ाने सबसे सशक्त माध्यम होती हैं। बावजूद इसके हालिया बरसों में बच्चे न केवल अपनी मातृभाषा से दूर हो रहे हैं बल्कि दूसरी भाषाओं को सीखने में भी कम ही रुचि लेते हैं। आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल होती दुनिया में अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को भूलते जा रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने वाले इस व्यवहार से कई भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। घरों में भी अपनी मातृभाषा बोलने का चलन कम हुआ है। बहुत से युवा रोजगार के अवसरों को देखते हुए दूसरे देशों की भाषा सीख रहे हैं पर अपने ही क्षेत्र की भाषा भूल गए हैं। यह स्थिति न केवल उनकी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करती है, बल्कि हमारी समृद्ध भाषाई विविधता को भी विलुप्त होने के कगार पर ला रही है। समझना कठिन नहीं कि अपनी भाषाएं न सीखने से मानवीय जीवन से जुड़ी कई अनमोल मौखिक परम्पराएं हमेशा के लिए समाप्त हो रही हैं। चिंतनीय है कि भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने की बात हो सभ्यतागत पहचान को सुरक्षित रखने की, देश के सभी हिस्सों की भाषाएं ही आपसी जुड़ाव का पुल बनाकर सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मार्ग दिखाती हैं। इस गठजोड़ को मजबूती देने के लिए परिवार की भूमिका भी अहम है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी परिवार की भाषा ही पहली पाठशाला बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मां की भाषा में ही बच्चे की पढ़ाई हो, विद्यालय और विश्वविद्यालय मौलिक चिंतन का केंद्र बनें, तभी हम सृजन में अपना योगदान दे सकते हैं। यह सचमुच चिंतनीय है कि बड़े शहरों में आकर बसने, दूसरे राज्यों में जाकर रहने या विदेश में जा बसने के कारण बहुत से भारतीय परिवारों का अपनी मूल मातृभाषा से संपर्क टूट जाता है। इसके चलते बच्चे अपनी जड़ों, लोक-संस्कृति, त्योहारों और पारंपरिक मूल्यों से भी दूर हो रहे हैं। इस सभ्यतागत संकट के बावजूद देश में 117 भाषाएं खतरे में हैं। बीते 50 वर्षों में 220 से अधिक भाषाएं अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। कई भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले 10 हजार से भी कम लोग बचे हैं। यूनेस्को की ओर से जारी एटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजर की रिपोर्ट के मुताबिक साल 1950 से अब तक पूरी दुनिया में सैकड़ों भाषाएं खत्म हो चुकी हैं। असल में भाषाएं सीखना और उन्हें बोलचाल का हिस्सा बनाना ही संवाद के इस माध्यम को सहेजने का एकमात्र रास्ता है। अपनी मातृभाषा के अलावा एक ओर भाषा सीखने का आह्वान भी इस मोर्चे पर बहुत मायने रखता है। इससे देश की संस्कृति को समझने में भी नई पीढ़ी की रुचि बढ़ेगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भगवान विष्णु रहेंगे चार माह तक योग निद्रा में



संकलित
## दर्शन

हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना है। एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा होती है। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में क्षीर सागर में चले जाते हैं। इन चार महीनों के दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। इसके अलावा चार महीने यानी चातुर्मास के दौरान कई तरह के कार्य वर्जित होते हैं। वहीं इस दौरान कई तरह के कार्य करना शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं क्या करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष देवशयनी एकादशी 25 जुलाई है और इस दिन के बाद भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में होते हैं, जो कार्तिक माह के देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। ऐसे में इस दौरान चार महीनों तक भगवान विष्णु पूजा, जप, तप और दान करते हुए भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवशयनी एकादशी भगवान विष्णु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

# देह दानी राजा शिवि महाराज



संकलित
## प्रेरणा

एक दिन राजा अपने दरबार में बैठे थे तभी एक कबूतर उड़ता हुआ उनकी गोद में आ गिरा और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा कबूतर ने कहा - महाराज आपकी उदारता और शरणागत पर दया की चर्चा पशु-पक्षियों तक में होती है मैं भी आपके राज्य में निवास करने के कारण आपकी प्रजा और अभी आपका शरणागत हूं। मेरी रक्षा करें। शिवि ने कबूतर को निश्चिंत रहने का वचन दिया और कहा कि वह उसकी रक्षा हर हाल में करेंगे। राजा ने जैसे ही वचन दिया तभी वहां एक बाज आ पहुंचा और शिवि से कबूतर को वापस करने की मांग करने लगा। बाज ने कहा - महाराज यह कबूतर मेरा आहार है मैं अपने आहार का पीछा कर रहा था मैंने इस पर प्रहार भी किए है, आप मुझे मेरा आहार वापस करें। आपकी बड़ी कृपा होगी। राजा शिवि ने कहा - बाज यह तुम्हारा आहार रहा होगा किंतु अभी यह मेरा शरणागत है और मैंने इसको प्राण रक्षा का वचन दिया है। इसलिए मैं अपना वचन भंग नही कर सकता। बाज ने कहा - महाराज मैं भी आपके राज्य का रहने वाला पक्षी हूं। विधाता ने मुझे शिकार करके अपना पेट भरने की व्यवस्था दी है अगर आप कबूतर वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। जो राजा अपनी प्रजा को किसी कारण कष्ट देता है या उसके आहार का हरण करता है उस राजा पर से देवों की कृपा समाप्त हो जाती है उसकी प्रजा को इसका दंड भोगना पड़ता है आप यह पाप न करें। शिवि ने कहा - तुम्हारी बातें सत्य है किंतु मैं वचनबद्ध हूं। शरणागत का अतीत मुझे ज्ञात नहीं था इसलिए मैंने इसकी रक्षा का भार लिया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है। *- विजय कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### फास्ट ट्रैक कोर्ट



देश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा।
**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### चर्चा से भाग रहा विपक्ष



एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और चर्चा के लिए तैयार है लेकिन कांग्रेस, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि जब वे बहस के लिए सदन में आएंगे, तो उनकी दोहरी नीति दुनिया के सामने उजागर हो जाएगी।
**-गजेंद्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### जौहर विश्वविद्यालय



दिल्ली में परीक्षा को लेकर आंदोलन चल रहा है और रामपुर में शिक्षा को लेकर। जौहर विश्वविद्यालय को बचाकर ही यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है; इसी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ हमारा प्रतिनिधिमंडल आज वहां पहुंचा है।
**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा


### बेहतर शिक्षा व्यवस्था



यह आंदोलन बहुत शांतिपूर्ण था; बहुत दुख की बात है कि इसने हिंसक रूप ले लिया। जो छात्र और उनके परिवार घायल हुए, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। मुझे यह देखकर खुशी है कि हमारे देश के बच्चे बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए एकजुट हुए हैं।
**- सलमान खान,** फिल्म अभिनेता

## करंट अफेयर


# ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं, रूबियो ने कही बड़ी बात



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका के साथ पिछले महीने हुई बातचीत में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान बातचीत को लेकर सीरियस नहीं है और साथ ही वॉर्निंग दी कि अगर ईरान को मार्को रूबियो ने आगे कहा कि ईरान ने बातचीत के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों तरह के माध्यमों से अमेरिका से संपर्क किया था, लेकिन ईरान अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के युद्ध होर्मुज से निकलकर मेनडेब स्ट्रेट तक पहुंचता नजर आ रहा है। हूती विद्रोहियों ने इसके जरिए होने वाले सऊदी अरब के व्यापार को रोकने का ऐलान किया है। अभी समस्या यह है कि ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं हैं। अगर वे सीरियस हैं, तो हम भी सीरियस हैं। अगर वे गंभीर नहीं हैं, तो हम खुद की और अपने सहयोगियों के हितों की सुरक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेंगे। मार्को रूबियो ने होर्मुज से गुजरने वाले ट्रैफिक पर कंट्रोल करने की ईरान की डिमांड की भी आलोचना की और कहा कि यह जलमार्ग एक इंटरनेशनल समुद्री रास्ता है जिसको खुला रहना चाहिए। रूबियो ने कहा, असल बात बहुत सीधी है।

## ऑफ बीट

# दिल के मरीजों के लिए संगीत है अच्छी दवा



भारत में 20 करोड़ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त हैं 5 करोड़ डिप्रेशन और इतने ही स्ट्रेस से परेशान हैं ये तनाव दिल की बीमारी का बड़ा कारण है। द लांसेट की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक और लगातार तनाव के बने रहने से ब्लड कोलेस्ट्रोल, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इससे हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट की मसल्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। हार्ट की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जब भी आप तनाव में हों मनपसंद संगीत सुनिए। संगीत मस्तिष्क में रासायनिक संतुलन को बदलता है। धमनियों को आराम देकर ब्लड वेसल्स की काम करने की क्षमता सुधारता है। परिश्रम के बाद हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को तेजी से बेस लाइन पर लौटाता है। चिंता को कम करता है। काम के दौरान लें छोटे ब्रेक- काम के दौरान स्ट्रेस होना बहुत आम है। विचारों को संतुलित करने, फोकस लाने के लिए काम के बीच हर एक घंटे में पांच मिनट का ब्रेक लें इससे तनाव कम होगा, प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी हार्ट की कार्यक्षमता भी सुधरेगी। द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशन के अनुसार, प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में फैट नमक और चीनी ज्यादा होती है। इसे अधिक खाने की इच्छा भी होती है।

## अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के विरोध में गांधी स्मृति वन पहुंचे

# राहुल के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने गांधी स्मृति जाकर नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाले छात्रों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पेपर लीक और दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के विरोध में गुरुवार देर शाम लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसद गांधी स्मृति पहुंचे और उन छात्रों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने नीट पेपर लीक व उससे उपजे मानसिक तनाव के चलते अपनी जान गंवा दी। इससे पूर्व कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, एनसीपी नेता सुप्रिया सुले समेत इंडिया गठबंधन के अनेक सांसद राहुल गांधी के आवास पर एकत्र हुए थे। सांसद पहले इंडिया गेट जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस और प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद वे 30 जनवरी मार्ग स्थित गांधी स्मृति के लिए रवाना हुए।



इस दौरान राहुल गांधी ने छात्रों का समर्थन करते हुए कहा कि मोदी सरकार देश में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने हक की आवाज उठा रहे निर्दोष छात्रों पर अत्याचार किया जा रहा है और उन्हें सड़कों पर पीटा जा रहा है, जिसे विपक्ष किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा, भारत के छात्रों के साथ खड़े होने से हमें कोई नहीं रोक सकता।

नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधी मांग की कि वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल पद से हटाएं और छात्रों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब देश के युवा न्याय के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, तो विपक्ष का भी उनके साथ खड़ा होना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के छात्र अकेले नहीं हैं, पूरा विपक्ष उनके और उनकी मांगों के साथ खड़ा है।

वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि विपक्षी सांसद सरकार को यह संदेश देने आए हैं कि इसी देश में महात्मा गांधी ने किसानों और गरीबों के साथ मिलकर आंदोलन किया था; लेकिन आज मोदी सरकार बच्चों को सिर्फ इसलिए पीट रही है, क्योंकि वे अपना अधिकार मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और तमाम लोग आजादी तथा लोकतंत्र के लिए लड़ते हुए शहीद हुए। आज उसी देश में लोकतंत्र खत्म किया जा रहा है।


### देश के कई राज्यों में बवाल



पटना: छात्रों ने बैनर लेकर नारेबाजी की।



ठाणे: छात्रों ने प्रदर्शन कर न्याय मांगा।



चेन्नई। छात्र संगठनों ने आंदोलन किया।



कोलकाता। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की।

## सरकार युवाओं के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध और हम खुली चर्चा के लिए तैयार विपक्ष बहस नहीं चाहता

सत्र के चौथे दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, इसी मुद्दे पर राज्यसभा को भी स्थगित कर दिया गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में नीट परीक्षा को लेकर घमासान जारी है। लोकसभा के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर तीन बजे शुरू होने के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया।

विपक्ष शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा है। लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, राज्यसभा को तीन बजे तक तक स्थगित कर दिया गया है।


### राहुल संसद में बहस नहीं चाहते



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश दिया है, क्योंकि सरकार युवाओं के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में चर्चा नहीं चाहते। उन्होंने किसी को बताए बिना धरना दिया। वे गैर-जिम्मेदाराना राजनीति करते हैं। रविशंकर ने कहा कि हम सभी युवाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम खुली चर्चा के लिए तैयार हैं। हमारे पास कहने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उनका काम सिर्फ अराजकता फैलाना है।

### विपक्ष को पुराने रिकॉर्ड और भूमिका पर डर : शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और सांसदों ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा किसरकार छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और गंभीर मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से बच रहा है। जब सरकार सभी शर्तें मानने को तैयार हो जाती है, तब भी चर्चा से पीछे हट जाता है। विपक्ष को आशंका है कि सदन में बहस होने पर उसके पुराने रिकॉर्ड और भूमिका पर भी सवाल उठेंगे।

### विपक्ष और राहुल गलत व्यवहार कर रहेः मनोज

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, विपक्ष और राहुल गांधी गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। ये लोग तख्तियां लेकर आते हैं।



लेकिन चर्चा नहीं करते। आज हम सभी जानना चाहते हैं कि वे चर्चा से क्यों भाग रहे हैं? संसद में नीट के मुद्दे पर चर्चा कीजिए। पेपर लीक के मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे।

मेट्रो स्टेशन बंद होने पर सीजेआई बोले

### दोपहर तक समाधान नहीं हुआ तो हम करेंगे हस्तक्षेप



छात्रों के प्रदर्शन के बीच सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बंद होने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में उठा। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने आग्रह किया वकीलों, पक्षकारों और कर्मचारियों को स्टेशन का इस्तेमाल करने की अनुमति दें, जिनके पास सुप्रीम कोर्ट में प्रवेश का वैध पास है। सीजेआई ने हस्तक्षेप की बात कही है।


### पुलिस को मिले एनएसए लगाने के अधिकार

प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस को एनएसए लगाने की शक्ति दी गई है। दपुलिस को यह अधिकार 19 जुलाई से शुरू होकर तीन माह तक लागू रहेगा।

### खबर संक्षेप

#### उभरते क्रिकेटर को हनीट्रैप में फंसाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उभरते हुए क्रिकेटर साइबर अपराधियों के हनीट्रैप जाल का शिकार हो गए हैं।



बीसीसीआई की एक राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यह खिलाड़ी बेंगलूरू गए हुए थे। 5 सितारा होटल में ठहरने के दौरान एक महिला ने उन्हें वॉट्सएप वीडियो कॉल पर लिया और आपत्तिजनक हालत में उनका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

#### करनाल में चेयरमैन पद से हटाई गईं राणा

**करनाल।** जिला परिषद की चेयरमैन परवेश राणा को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से पद से हटा दिया गया है।



जिला परिषद के 25 पार्षदों में से अविश्वास प्रस्ताव पर 19 पार्षद मौजूद रहे। मतदान के दौरान 17 पार्षदों ने चेयरमैन के खिलाफ मतदान किया, जबकि 2 पार्षदों ने उनके पक्ष में वोट डाला।

#### 9वीं मंजिल से लिफ्ट गिरी, 4 मजदूर घायल

**लखनऊ।** राजधानी में महानगर के विज्ञानपुरी क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा हासदा हो गया। यहां शालीमार



गैलेंट वेस्ट की निर्माणाधीन बिल्डिंग में लिफ्ट का काम कर रहे 4 मजदूर नौवीं मंजिल से नीचे गिर गए। उन्हें प्राइवेट अस्पातल में भर्ती कराया है।निर्माणाधीन अपार्टमेंट लिफ्ट डक्ट में 4 मजदूर काम कर रहे थे।

#### चार्जिंग में ई-स्कूटर की बैटरी फटी, 3 झुलसे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अशोक विहार इलाके में गुरुवार को चार्जिंग के दौरान एक इलेक्ट्रिक स्कूटर की



बैटरी में कथित तौर पर विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद झुग्गी में आग लग गई, जिससे एक ही परिवार के 3भाई झुलस गए। घटना गुरुवार सुबह करीब 7 बजे उत्तर-पश्चिम दिल्ली के एसएस नगर इलाके की है।

## देश के कई हिस्सों में बारिश ने किया बेहाल, आवागमन हो गया ठप

लगातार बारिश से लोगों का जीना मुहाल

# गुजरात में भारी बारिश से बिगड़े हालात, बाढ़ से गांवों का संपर्क टूटा, स्कूल -कॉलेज बंद, रेल सेवा पर लगा ब्रेक

### बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

दक्षिणी गुजरात में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में जनजीवन पर भारी असर पड़ा है। नर्मदा, वलसाड, नवसारी, डांग, सूरत और तापी पंचमहल, दाहोद और महीसागर जिलों में भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई, जिससे कई गांवों में बाढ़ आ गई है और वहां जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। बाढ़ में फंसे हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमों को तैनात किया है। वलसाड के उमरगांव तालुका में गुरुवार सुबह तक 16 घंटे की बारिश के दौरान 1,100 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। दक्षिण गुजरात के जिलों में भारी बारिश के कारण लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया और सैकड़ों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। लगातार बारिश के कारण सूरत जिले में नदियां और अन्य जलाशय उफान पर हैं, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। अहमदाबाद में 2 घंटे में 66 मिमी बारिश हुई, जिससे कई सड़कों पर जलभराव हो गया। यातायात प्रभावित हुआ। मुंबई जाने वाली रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया गया या उनका मार्ग छोटा कर दिया गया।

**नदियां और जलाशय उफान पर, 1200 लोगों का रेस्क्यू**



#### स्टेशनों पर लोग परेशान नहीं मिल रहा टिकट

दक्षिण गुजरात में लगातार भारी बारिश हो रही है। इसका असर अब रेलवे यातायात पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेनों का रूट छोटा कर दिया गया है। बड़ी संख्या में यात्री वडोदरा रेलवे स्टेशन पर फंस गए। यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जबकि पश्चिम रेलवे के वडोदरा डिवीजन पर किसी भी तरह की उचित व्यवस्था नहीं करने के आरोप लगे हैं।

#### अलर्ट मोड में वायुसेना और नेवी, नवसारी में 200 को बचाया

तापी जिले में बारिश से जुड़ी घटनाओं में एक मौत की खबर मिली है, जबकि बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ और राज्य की एसडीआरएफ की टीमों के साथ-साथ भारतीय वायु सेना और कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के आअनुसार हाल की बारिश से वलसाड ज़िला सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ, जहां उंबरगांव तालुका में बुधवार सुबह 6 बजे से गुरुवार सुबह 10 बजे के बीच 1,100 मिमी से ज़्यादा बारिश हुई। इसी दौरान ज़िले के कई अन्य तालुकाओं में भी 600 मिमी से ज़्यादा बारिश हुई। सूरत में 1,500 निवासियों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। नवसारी ज़िले में कावेरी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 11 गांवों में फंसे 200 लोगों को बचाया गया और सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया।

पिथौरागढ़ भी बारिश से सर्वाधिक प्रभावित

### प्रदेशभर में 99 सड़कें बंद, काली नदी का जल स्तर खतरे के पास पहूंचा



**पिथौरागढ़ ।** राज्य में 99 सड़क बंद होने के कारण आवागमन प्रभावित है। सबसे अधिक सीमांत पिथौरागढ़ जिला प्रभावित है। यहां पर धारचूला-तवाघाट और न्यू सबेला तिदांग मार्ग बंद है। 21 और ग्रामीण मार्ग बंद हैं।

#### नदियों के बढ़ते जल स्तर ने डराया

बारिश होने से राज्य में नदियों का जल स्तर खतरे के पास पहुंचा है। बुधवार तीन बजे तक पिथौरागढ़ जिले में काली नदी का जल स्तर 888.60 तक पहुंच गया था, जबकि खतरे का जल स्तर 890 मीटर है। रुद्रप्रयाग जिले में अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर भी खतरे के निशान के पास पहुंच गया।

असम में दिखा बाढ़ का विनाशकारी रूप

#### पूरा गांव पानी में डूबा, 16 जिले के लोगों को खान-पान का संकट



असम में आई बाढ़ ने लोगों के जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बाढ़ से राज्य के करीब 16 जिले प्रभावित हैं। जिससे इन लोगों के सामने खाने-पीने का भी संकट आ खड़ा हुआ है।राज्य में बाढ़ से प्रभावित कई ऐसे परिवार हैं। जिनके लिए दिन तो किसी तरह कट जाता है, लेकिन रात गुजारना कितना मुश्किल है।इन्हीं में से एक प्रशांत बोरठाकुर का परिवार भी शामिल है। परिवार में इनके 95 साल के बुजुर्ग पिता भी हैं।

#### हिमाचल में दरक रहे पहाड़ पूरा गांव खतरे की जद में

**कभी भी बड़ी तबाही का अंदेशा एक मकान हुआ क्षतिग्रस्त**

**कांगड़ा।** हिमाचल में बारिश आफत लाई है। जिला कांगड़ा में इस बार ज्यादा नुकसान है।



शाहपुर की बोह घाटी में बादल फटने से 18 घर जमींदोज हो गए हैं। वहीं जवाली उपमंडल की नियांगल पंचायत में पूरे गांव पर खतरा मंडरा रहा है। जमोला पहाड़ी लगातार दरक रही है, जो कभी कहर ढहा सकती है। नाले का बहाव मुड़ने से हुए नुकसान के बाद अब मियोली में जमोला पहाड़ी से मलबे से लोग दहशत में हैं।

#### मौसम विभाग ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी

मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और



मुज़फ़्फ़राबाद के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों, बिहार, पूर्वी मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश में बारिश होगी।

वैष्णव ने कहा- स्वदेशी एआई के विकास को लगेंगे पंख

## सर्वम और भारतजेन जैसे 20 बड़े मॉडलों को दे रहे मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 'इंडिया-एआई मिशन' के तहत मदद देने के लिए सरकार ने 20 स्वदेशी एआई मॉडल को चुना है। इनमें 12 बड़े लैंग्वेज मॉडल और 8 छोटे लैंग्वेज मॉडल शामिल हैं। इस मिशन का मकसद युवाओं के लिए नए अवसर और नौकरियां पैदा करना है, एआई से जुड़े खतरों को भी कंट्रोल करना है। सरकार भारतीय स्टार्टअप्स और संस्थानों को मदद कर रही है। सरकार जिन प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट कर रही है, वे एआई के अलग-अलग इस्तेमाल से जुड़े हैं। इनमें सर्वम, जी नैनी,भारज जेन और अवचार एआई जैसे नाम शामिल हैं। हेल्थकेयर, स्थानीय भाषा तकनीकों और ऑटोमेटेड के लिए मॉडल्स तैयार किए जा रहे हैं।

#### इनकी खासियतें

- सर्वम ने हाल में काफी चर्चा बटोरी है। सर्वम की तारीफ पीएम मोदी ने भी की थी।
- जीनैनी भारत के लिए स्पीच-टू-स्पीच (आवाज से आवाज में बात करने वाला) मॉडल तैयार कर रहा है।
- भारत जेनकई भारतीय भाषाओं को समझने वाले फाउंडेशन मॉडल बना रहा है।
- अवतार देश के लिए वीडियो जनरेट करने वाला एआई मॉडल बना रहा है।

### सरकार जिनका सहयोग कर रही वे अलग-अलग



#### सरकार कर रही एआई की मदद

वैष्णव ने बताया कि भारत की एआई रणनीति देश के 300 अरब डॉलर के आईटी सेक्टर पर टिकी है, जिसमें करीब 60 लाख लोग काम करते हैं। इंडिया-एआई मिशन के 7 मुख्य पिलर हैं। जैसे- एआई मॉडल बनाना, ऐप्स तैयार करना, डेटासेट जुटाना, टैलेंट तराशना और सस्ता कंप्यूटर इंफ्रास्ट्रक्चर देना। सरकार ने 15 कंप्यूट सर्विस प्रोवाइडर्स को साथ जोड़ा है। साथ ही 237 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

#### 686 छात्रों को फेलोशिप दी

सरकार के अनुसार उसने देश में एआई से जुड़े टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए 178 बड़े कॉलेजों व संस्थानों के 686 छात्रों को फेलोशिप दी है। 'युवा एआई फॉर ऑल' प्रोग्राम के तहत 26 लाख से अधिक लोग ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं। देश में 27 'इंडिया डेटा एंड एआई लैब्स' चालू हुई हैं।

हाई-डेंसिटी रेल मार्ग पर तीसरी लाइन

## 440 करोड़ से रेल कॉरिडोर से आवागमन होगा सुगम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने दक्षिण पूर्व रेलवे के निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन और मिदनापुर के बीच 14.52 किमी लंबी तीसरी रेल लाइन बिछाने की 440 करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना का उद्देश्य व्यस्त रेल कॉरिडोर की क्षमता बढ़ाना, यात्री और मालगाड़ियों की आवाजाही को अधिक सुगम बनाना तथा परिचालन दक्षता में सुधार करना है।यह परियोजना हाई-डेंसिटी रेल मार्गों पर नेटवर्क क्षमता बढ़ाने की भारतीय रेलवे की व्यापक योजना का हिस्सा है। इस मार्ग पर



हर वर्ष अतिरिक्त लगभग 3.52 मिलियन टन माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी, जिससे उद्योगों और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को गति मिलेगी। यह सेक्शन हाई यूटिलाइजेशन नेटवर्क (एचयूएन-2) का हिस्सा है। वर्तमान में निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन से गोकुलपुर तक का हिस्सा सिंगल लाइन है।

## खबर संक्षेप

### इंडसइंड बैंक के लाभ में 72 फीसदी का इजाफा




**मुंबई।** निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत बढ़कर 1,037.05 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में बैंक ने 604.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। बैंक ने इसके पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 594.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### भारत में निवेश के अवसर तलाशते रहेंगे : टेमासेक




**मुंबई।** सिंगापुर की सरकारी निवेश कंपनी टेमासेक का भारत में निवेश मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में घटकर 42 अरब डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पहले 50 अरब डॉलर था। भारत अब भी टेमासेक के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेश गंतव्यों में से एक है। निवेश में कमी का मुख्य कारण अगस्त, 2025 में श्नाइडर इलेक्ट्रिक से 6.4 अरब डॉलर की निकासी रही।

### एसआरएफ का लाभ 76% बढ़कर 759 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** रसायन क्षेत्र की कंपनी एसआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76 प्रतिशत बढ़कर 758.87 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 432.32 करोड़ रुपये था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# अदाणी का 'आसमान का राजा' बनने की तैयारी! एयर इंडिया-इंडिगो को देंगे टक्कर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अदाणी ग्रुप ने सरकार से उस नियम में बदलाव की मांग की है जो देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट- नई दिल्ली और मुंबई-के ऑपरेटर्स को किसी शेड्यूल्ड एयरलाइन में 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी रखने से रोकता है। इससे एनर्जी से लेकर डिफेंस तक का कारोबार करने वाले इस ग्रुप को एयरलाइन शुरू करने और एविएशन सेक्टर में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस सेक्टर में ग्रुप पहले से ही आठ एयरपोर्ट चलाने के अलावा पायलट ट्रेनिंग, एयरक्राफ्ट की मरम्मत और ग्राउंड हैंडलिंग जैसे कामों में मजबूत मौजूदगी रखता है। अदाणी के पास अभी मुंबई एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट में जीएमआर एयरपोर्ट्स की 74 फीसदी हिस्सेदारी है।

■ अदाणी की मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है

## अदाणी ग्रुप के पास आठ एयरपोर्ट के अलावा पायलट ट्रेनिंग व एयरक्राफ्ट मरम्मत जैसे काम

### करना पड़ सकता है विरोध का सामना

अदाणी ने कहा कि सरकार को यह सुझाव दिया गया था कि ऐसा नियम बनाया जाए जिससे कोई पाबंदी न हो। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी ग्रुप के अंदर किसी एयरलाइन को खरीदने के बारे में कोई ठोस बातचीत नहीं चल रही है। अदाणी ग्रुप ने सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। एयरलाइन अधिकारियों का कहना है कि इस ग्रुप के प्लान का घरेलू एयरलाइंस कड़ा विरोध कर सकती हैं और कॉम्पिटिशन रेगुलेटर इसकी बारीकी से जांच कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इससे एयरपोर्ट तक पहुंच, खासकर स्लॉट अलॉटमेंट में, अनुचित फायदा मिल सकता है और कॉम्पिटिशन का माहौल बिगड़ सकता है।



**अभी कोई पक्का फैसला नहीं :** जीत अदाणी ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग यूनिट तभी कमर्शियली कामयाब हो सकती है जब उसे प्लेन के लिए बड़ा ऑर्डर मिले। अदाणी के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अभी कोई पक्का फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि ग्रुप के लिए एयरलाइन शुरू करने में तालमेल (सिनर्जी) की संभावना है।

### इंडिगो और एयर इंडिया को भी मिलेगा मौका

*इंडस्ट्री के सीनियर अधिकारियों का कहना है कि अगर सरकार अदाणी के प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो इससे इंडिगो और एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस को भी एयरपोर्ट में हिस्सेदारी खरीदने की इजाजत मिल जाएगी, जिससे वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को रोक सकती हैं। एयरलाइन इंडस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अदाणी ग्रुप के पास देश में आठ एयरपोर्ट हैं, जिनमें मुंबई का मुख्य एयरपोर्ट भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर मकसद मोनोपॉली (एकाधिकार) को रोकना था, तो इसका उल्टा असर होगा-कोई भी एयरपोर्ट मालिक जो एयरलाइंस के साथ कॉम्पिटिशन कर रहा है, वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को अच्छे स्लॉट पाने से रोक सकता है।*

### सरकार तोड़ना चाहती है एआई और इंडिगो का दबदबा

मंत्रालय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से उस नियम में पिछली तारीख से बदलाव करने की कानूनी वैधता पर राय मांग रहा है। यह नियम 2006 में इन दोनों एयरपोर्ट्स के प्राइवेटाइजेशन के समय हुए समझौतों में शामिल किया गया था। ऐसे किसी भी बदलाव के लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी होगी। सीनियर अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार शायद एक अच्छी-खासी फंडिंग वाली एयरलाइन ऑपरेटर चाहती है जो इंडिगो और एयर इंडिया की डुओपॉली (दो कंपनियों का दबदबा) को तोड़कर जरूरी कॉम्पिटिशन ला सके। ये दोनों कंपनियां मिलकर घरेलू मार्केट के लगभग 90 फीसदी हिस्से को कंट्रोल करती हैं।

## इस कदम से छोटे खुदरा कारोबारियों के कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा

# सरकार ने निर्यात के लिए भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में एफडीआई की अनुमति दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। इस कदम से छोटे खुदरा कारोबारियों के कारोबार पर असर डाले बिना भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल के तहत खुदरा कारोबार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति नहीं है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने प्रेस नोट में कहा, भारतीय विक्रेताओं को वैश्विक बाजारों तक आसान और व्यापक पहुंच उपलब्ध कराकर निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई है।

**भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद**

**भारतीय विक्रेताओं की वैश्विक बाजारों तक आसान और व्यापक पहुंच होगी**

**निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई**

### माल सीधे उपभोक्ताओं को बेचा जाता है

इस मॉडल में वस्तुओं और सेवाओं का भंडार ई-कॉमर्स कंपनी के स्वामित्व में होता है और उन्हें सीधे उपभोक्ताओं को बेचा जाता है। डीपीआईआईटी ने नीति में एक नया प्रावधान जोड़ा है जिसके अनुसार, ''ई-कॉमर्स इकाई को विदेश व्यापार नीति, 2023 और विदेशी मुद्रा प्रबंधन विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुरूप भारत में विनिर्मित और/या उत्पादित वस्तुओं एवं उत्पादों के केवल निर्यात के लिए माल भंडार-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल अपनाने की अनुमति होगी।''




### कारोबार से कारोबार में एफडीआई की अनुमति है

विभाग प्रेस नोट (पीएन) के माध्यम से एफडीआई नीति में बदलाव जारी करता है। मौजूदा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति के अनुसार, कारोबार-से-कारोबार (बी2बी) ई-कॉमर्स और मार्केटप्लेस मॉडल में एफडीआई की अनुमति है।

### भारत का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर

*यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार ई-कॉमर्स के जरिये निर्यात बढ़ाने के उपायों पर काम कर रही है। सरकार ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र (ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब) स्थापित करने जैसे अन्य उपायों पर भी काम कर रही है। अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर का है जबकि चीन का करीब 350 अरब अमेरिकी डॉलर है।*

## इंडिगो को 238 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 238 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। ईंधन की ऊंची कीमतों, विदेशी मुद्रा विनिमय में नुकसान और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का कंपनी के लाभ पर प्रतिकूल असर पड़ा। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 2,176.3 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शशांक कुमार उर्फ मनमीत** पुत्र अरूण कुमार ग्राम करणपुरा डाकघर दुर्गावती जिला: कैमूर (भभुआ), बिहार और टी-34, गली नंबर 9, उत्तम नगर, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 543/2018 धारा 354डी/506/509 भा.द.स. के तहत थाना: नजफगढ, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शशांक कुमार उर्फ मनमीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शशांक कुमार उर्फ मनमीत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 543/2018 धारा 354डी/506/509 भा.द.स. के तहत थाना नजफगढ, दिल्ली के उक्त शशांक कुमार उर्फ मनमीत** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
इब्यानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
महिला कोर्ट-03
दक्षिण पश्चिम जिला कमरा नं.312
जिला न्यायालय द्वारका नई दिल्ली

DP/9639/DW/2026



## मर्सिडीज-बेंज इंडिया हाइब्रिड वाहन लाना रखेगी जारी

एजेंसी/नई दिल्ली

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारतीय बाजार में हाइब्रिड वाहनों की अपनी पेशकश जारी रखेगी। कंपनी का कहना है कि भले ही इस प्रौद्योगिकी के लिए नीतिगत प्रोत्साहन का अभाव हो, फिर भी वह ग्राहकों की अंतर्निहित मांग को पूरा करने के लिए हाइब्रिड गाड़ियां लाती रहेगी।




मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अपने एएमजी ई 53 प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (पीएचईवी) के दो संस्करण क्रमशः 1.45 करोड़ रुपये और 1.48 करोड़ रुपये (भारत में शोरूम कीमत) की कीमत पर पेश किए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि हाइब्रिड वाहन उन ग्राहकों के लिए एक माध्यम का काम करते हैं, जो अभी पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं।

### 'एयरटेल मनी' होगी सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** एयरटेल अफ्रीका ने अपने वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच 'एयरटेल मनी' की 2026 में प्रस्तावित शेयर बाजार में सूचीबद्धता के लिए लंदन को पसंदीदा स्थान चुना है। कंपनी ने अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय परिणामों के साथ जारी बयान में कहा कि लंदन में सूचीबद्धता से कंपनी को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के एक बड़े आधार तक पहुंच मिलेगी।

## सेंसेक्स 364 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कच्चे तेल के दाम में उछाल से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 364 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 363.66 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 76,391.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 603.07 अंक लुढ़ककर 76,151.98 अंक तक आ गया था।

## सैमसंग ने किए गैलेक्सी जेड सीरीज के तीन नए फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश

एजेंसी ⏭ लंदन

दक्षिण कोरिया की दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने बुधवार को गैलेक्सी जेड8 सीरीज के तहत तीन फोल्डेबल स्मार्टफोन पेश किए। इस सीरीज के तहत पेश स्मार्टफोन में गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 शामिल हैं। कंपनी ने नए मॉडल को अलग-अलग तरह के उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर पेश किया है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष एवं सीईओ टी एम रोह ने कहा, एआई के अधिक स्वायत्त होते जाने के साथ मोबाइल उपकरण ऐसे अनुभवों के सबसे व्यक्तिगत माध्यम बन जाएंगे।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## सोना 400 रुपये टूटा चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 1,49,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। यह गिरावट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुझानों की वजह से आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई और यह बुधवार के 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के बंद स्तर से 300 रुपये टूटकर 2,29,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।






**नई दिल्ली।** मिथिला के सपूत गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव चौधरी आई.पी.एस. का उनके कार्यालय में जनहित पूर्वांचल सोसाइटी रजी. के महासचिव विनीत कुमार सचिव संतोष यादव व मो. रियाज खान ने मिथलांचल के पहचान शान मिथिला पेंटिंग पाग दुपट्टे से सम्मानित किया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर एचपीएलसी मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 22.07.2026 05.08.2026 | 2,88,41,792/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/47447/I/88/7 दि. 23.07.26

## शब्द पहेली - 6296





**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6295 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |



# मां के खेलने के तीन दशक बाद नीदरलैंड में भारत के लिए विश्व कप खेलेगा बेटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रीतम रानी सिवाच ने नीदरलैंड में 1998 में विश्व कप खेला था तब यशदीप सिवाच का जन्म भी नहीं हुआ था। विधि का विधान है कि करीब तीन दशक बाद वह उसी देश में, उसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पदार्पण करने जा रहे हैं। भारतीय हॉकी में यह श्रेय हासिल करने वाली मां-बेटे की यह पहली जोड़ी है।


नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में यशदीप भारतीय टीम का हिस्सा हैं और उनके इस टूर्नामेंट से काफी जज्बात जुड़े हैं। मैनचेस्टर राष्ट्रमंडल खेल 2002 की स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य रही है।

### टीम में चयन पर सबसे पहले मां को बताया

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच के बेटे ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,''जब मुझे विश्व कप टीम में चयन का पता चला तो सबसे पहले मैने अपनी मां को बताया। वह काफी भावुक थी क्योंकि उन्होंने भी 1998 में नीदरलैंड के यूट्रेक्ट में विश्व कप खेला था।''

### विश्वकप में मां ने कोरिया के खिलाफ दो गोल दागे थे

26 वर्ष के इस डिफेंडर ने कहा, '' मेरे लिये विश्व कप में उसी देश में भारत के लिये खेलना जहां मेरी मां भी खेल चुकी है, बहुत खास है।'' भारतीय महिला हॉकी टीम यूट्रेक्ट विश्व कप में बारहवें और आखिरी स्थान पर रही थी लेकिन प्रीतम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में दो गोल दागे थे।

**कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप** कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप बचपन से अपनी मां का वह एलबम देखते आये हैं जिसमें उनकी एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंट के फोटो और टीम फोटो हैं और शायद वहीं से उनके भीतर भी हॉकी स्टिक थामने का शौक पैदा हुआ। माता पिता के साथ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और दिल्ली में 2010 विश्व कप उन्होंने देखा था।

### मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किए

यशदीप ने कहा ,'' मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किये हैं। उनके पास पूरी एलबम है जिसमें एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंटों के फोटो, साथी खिलाड़ियों के फोटो हैं। मैं बचपन से देखता आ रहा हूं। उनकी टीम से बात होती रहती है और मुझे सबसे मार्गदर्शन मिलता है।'' बचपन में मां को अक्सर राष्ट्रीय शिविरों और टूर्नामेंटों में देखने वाले यशदीप को उनकी कड़ी मेहनत और बलिदानों का महत्व राष्ट्रीय शिविर में आने के बाद अधिक समझ आने लगा।

### रिटायर होने के बाद भी कोचिंग से जुड़ी

इतने साल लगातार खेलने के लिये अपनी फिटनेस (मानसिक और शारीरिक) और खेल का ध्यान रखना पड़ता है।' उन्होंने कहा ,''रिटायर होने के बाद भी वह कोचिंग के जरिये हॉकी से जुड़ी हैं और अभी भी नीदरलैंड में मास्टर्स विश्व कप खेल रही हैं। मैने बचपन से देखा है कि कैसे मेरी बहन के पैदा होने के बाद भी वजन कम करके वापसी की थी।'

### हॉकी यशदीप के खून में है

हॉकी यशदीप के खून में हैं चूंकि उनके पिता कुलदीप भी हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं और अब मशहूर कोच हैं जो हरियाणा में अपनी पत्नी के साथ प्रीतम सिवाच अकादमी चलाते हैं। चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना हालांकि अधूरा रह गया। जूनियर राष्ट्रीय टीम में खेल चुकी बहन कनिका सीनियर टीम में पदार्पण की दहलीज पर है।

### पोडियम पर मां-पिता का सपना पूरा करना चाहते हैं

सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप काफी मायने रखता है और पोडियम पर रहकर अपनी मां और पिता का अधूरा सपना यशदीप पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,'' सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप बहुत खास है। मैं अपने माता पिता का सपना पूरा करना चाहता हूं और अपनी बहन के लिये प्रेरणा बनना चाहता हूं।''

### मेरी ट्रेनिंग पापा ने कराई

प्रीतम दिग्गज मिडफील्डर रही हैं और कनिका फॉरवर्ड खेलती हैं लेकिन यशदीप को गोल करने से ज्यादा बचाने में मजा आता है। उन्होंने कहा ,'' मेरी मां और बहन के नाम ज्यादा गोल होंगे लेकिन मुझे फुटबॉल फैन होने के कारण गोल बचाने और गोल में सहायता करने में ज्यादा मजा आता है। इसके अलावा मेरी ट्रेनिंग बचपन में पापा ने कराई जो डिफेंडर थे।''

## खबर संक्षेप



### जिदान अगले हफ्ते फ्रांस के नए कोच घोषित हो सकते हैं

**पेरिस।** फ्रांस के नए फुटबॉल कोच की घोषणा मंगलवार को होगी और उम्मीद है कि डिडिएर डेसचैम्प्स की जगह जिनेदिन जिदान लेंगे। फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसके अध्यक्ष फिलिप डियालो पेरिस में मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोच के नाम का ऐलान करेंगे। जिदान (54 साल) ने 2021 में रियाल मैड्रिड छोड़ने के बाद से किसी टीम को कोचिंग नहीं दी है। मिडफील्ड के इस दिग्गज ने 2016-18 के दौरान मैड्रिड को लगातार तीन चैम्पियंस लीग खिताब दिलाए थे। डेसचैम्प्स 14 साल तक फ्रांस के कोच रहे और विश्व कप के बाद पद छोड़ दिया जिसमें फ्रांस को सेमीफसइनल में स्पेन से हार का सामना करना पड़ा था। डेसचैम्प्स की कोचिंग में फ्रांस ने 2018 में विश्व कप जीता और 2022 में पेनल्टी शूटआउट में फाइनल हार गया। टीम 2016 में अपने घरेलू मैदान पर यूरोपीय चैंपियनशिप का फाइनल भी हार गई थी। जिदान ने 1998 के विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने फाइनल में ब्राजील के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल किए थे।

## ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल : भारत की रूपा रानी और पिंकी ने पहला सेट अपने नाम किया

**दूसरा सेट माल्टा की लूसी और कोनी ने 3-4 से जीता**

# भारत ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को टाई-ब्रेक में हराया



ग्लास्गो ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बृहस्पतिवार को महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेक में हराकर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। भारत की रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी (स्किप) ने पहला सेट 7-1 से अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में उन्हें माल्टा की रेबेका लूसी रिक्सन (लीड) और कोनी ले रिक्सन (स्किप) की जोड़ी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद ग्रुप बी के पहले दौर के मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। टाई-ब्रेक में भारतीय टीम अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे चल रही थीं लेकिन अंत में पिंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आखिरी बॉल के साथ निर्णायक बढ़त दिलाते हुए भारत को जीत दिला दी।

### इस बार पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटाया गया

भारतीय महिला पेयर्स टीम शुक्रवार को ग्रुप बी के अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। टिर्की और पिंकी दोनों ही 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला फोर्स टीम का हिस्सा थीं। हालांकि, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बॉल्स प्रतियोगिता से पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटा दिया गया है।

### इस बार दोनों वर्ग में एकल व युगल स्पर्धाएं ही

इस बार केवल पुरुष और महिला एकल तथा पुरुष और महिला युगल स्पर्धाएं ही शामिल की गई हैं। भारत ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष फोर्स स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था।




## राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में भारत की उम्मीदें लवलीना पर



रिंग में उतरे बिना अपना पहला राष्ट्रमंडल खेलों का पदक पक्का कर चुकी लवलीना बोरगोहेन की नजरें शुक्रवार से खेले जाने वाले मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार दस ही खेल स्पर्धायें आयोजित की जा रही है और भारत को मुक्केबाजों से पदकों की उम्मीद है। मुक्केबाजी में भारत को अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों में 44 पदक मिले हैं। भारत के आठ मुक्केबाजों को पहले दौर में बाय मिला है। जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया घंघास (60 किलो), प्रीति पवार (54 किलो) पदक पक्का करने से एक जीत पीछे हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन लवलीना (75 किलो) को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है जिसमें पांच ही मुक्केबाज हैं।

### विश्व चैंपियन जैसमीन पदक की प्रबल दावेदार

सात सदस्यीय भारतीय महिला टीम बर्मिंघम के रिकॉर्ड की बराबरी या उसे बेहतर कर सकती है जहां उसने दो स्वर्ण और एक कांस्य जीता था। मौजूदा विश्व चैम्पियन जैसमीन पदक की सबसे प्रबल दावेदार है हालांकि बीमार होने के कारण वह चेक गणराज्य में अभ्यास शिविर में भाग नहीं ले सकी थी। बर्मिंघम में कांस्य जीत चुकी जैसमीन पदक का रंग बेहतर करना चाहेंगी।

## डोपिंग नियम उल्लघंन के कारण भारोत्तोलन में भारत का कोटा घटा

**दिलबाग सिंह टीम से बाहर**



ग्लास्गो ▶▶| ग्लास्गो

क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान कई डोपिंग रोधी नियम उल्लंघनों (एडीआरवी) के कारण भारत का कोटा कम किए जाने के बाद भारोत्तोलक दिलबाग सिंह को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए दल से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत का भारोत्तोलन कोटा 16 से घटाकर 11 कर दिया गया है।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की अगुवाई में 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। महासंघ का कहना है कि उसे कोटा घटाए जाने की जानकारी बुधवार को ही मिली। एक विश्वसनीय सूत्र ने बातचीत में कहा, ''महासंघ को 12 से घटाकर 11 भारोत्तोलकों का कोटा किए जाने की जानकारी कल ही मिली।'' सूत्र ने बताया, ''चूंकि दिलबाग पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और उन्होंने बर्मिंघम में आयोजित तैयारी शिविर के दौरान बिल्कुल भी ट्रेनिंग नहीं की इसलिए उन्हें टीम से बाहर करने का फैसला किया गया।'' राष्ट्रमंडल खेलों से पहले एन अजीत (71 किग्रा), साईराज परदेशी (88 किग्रा) और हरचरण सिंह (110 किग्रा) पर डोपिंग के कारण प्रतिबंध लगाया गया था।

### महिला वर्ग में वंशिता भी प्रतिबंधित

महिला भारोत्तोलक वंशिता वर्मा (86 किग्रा) को भी क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर प्रतिबंधित किया गया था। कोटा में यह कटौती भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि डोपिंग से जुड़े मामलों के कारण इस खेल को पहले भी कई बार प्रतिबंधों और दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

# सूर्यवंशी के तूफान में उड़ी जिम्बाब्वे

## अय्यर की कप्तानी में भारत ने चखा पहली जीत का स्वाद



ग्लास्गो ▶▶| हरारे

तेज गेंदबाजों मयंक यादव और प्रिंस यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे के सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

- **पहले टी20 में जिम्बाब्वे पर सात विकेट से जीत पाई**

जिम्बाब्वे के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यवंशी (50 रन, 19 गेंद, चार छक्के, चार चौके) और इशान किशन (35 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्का) की पारियों से 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 28 रन बनाए।

### सूर्यवंशी ने रिचर्ड को लगातार दो छक्के व एक चौका मारा

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को सूर्यवंशी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी ने रिचर्ड एनगारवा की लगातार गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके के साथ तेवर दिखाए। ब्लेसिंग मुजरबानी (26 रन पर दो विकेट) ने अभिषेक शर्मा (01) को ब्रेड इवान्स के हाथों कैच कराके जिम्बाब्वे को शुरुआती सफलता दिलाई।

### पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन था

सूर्यवंशी ने इवान्स की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा जबकि मुजरबानी पर दो चौके और एक छक्का जड़कर पांचवें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा किया। किशन ने न्युमैन नयामहुरी पर तीन चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन किया।

### भारत की धारदार गेंदबाजी रही

भारत ने इससे पहले मयंक (18 रन पर दो विकेट) और प्रिंस (19 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। रवि बिश्नोई और शिवम दुबे ने एक-एक विकेट हासिल किया। जिम्बाब्वे ने 14वें ओवर में 64 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद वेस्ली माधेवेरे (39 रन, 34 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और ताडिवनाशे मरुमानी (नाबाद 27, 20 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने छठे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ब्रायन बेनेट का किशन बो मयंक | 00 | 01 | 0 | 0 |
| बेन कुरेन का सूर्यवंशी बो प्रिंस | 10 | 08 | 2 | 0 |
| डियोन मायर्स का दुबे को मयंक | 06 | 14 | 1 | 0 |
| सिकंदर रजा का स्थानापन्न बो दुबे | 04 | 07 | 1 | 0 |
| रेयान बर्ल का तिलक बो बिश्नोई | 26 | 35 | 1 | 1 |
| वेस्ली माधेवेरे रन आउट | 39 | 34 | 3 | 1 |
| ताडिवनाशे मरुमानी नाबाद | 27 | 20 | 2 | 1 |
| ब्रेड इवान्स का अय्यर बो प्रिंस | 00 | 01 | 0 | 0 |
| न्युमैन नयामहुरी नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 12, कुल:20 ओवर में 125/7 रन
गेंदबाजी: मयंक 4-0-18-2, अशोक 4-0-29-0,प्रिंस 4-0-19-2 दुबे 4-0-32-1, बिश्नोई 4-0-24-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का इवान्स बो मुजरबानी | 01 | 08 | 0 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी का कुरेन बो एनगारवा | 50 | 19 | 4 | 4 |
| इशान का मायर्स बो मुजरबानी | 35 | 24 | 3 | 2 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 28 | 24 | 3 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 06 | 05 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 13.2 ओवर में 126/3 रन
गेंदबाजी: मुजरबानी 4-0-26-2, एनगारवा 2.2-0-30-1, इवान्स 2-0-26-0, नयामहुरी 2-0-30-0, रजा 3-0-14-0



### मांडविया ने साइकिलिंग रैली की अगुवाई की

**रायपुर।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ साइकिलिंग रैली की अगुवाई की और भारतवंशियों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान 'चीयर फोर इंडिया' मुहिम में शामिल होने का अनुरोध किया। मांडविया ने सभी भारतीयों से फिट इंडिया आंदोलन में सक्रिया भागीदारी का आग्रह भी किया। उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये भी कहा। उन्होंने आगे कहा कहा कि साइकिलिंग कई समस्याओं का समाधान है जिससे फिटनेस को बढावा मिलता है, प्रदूषण कम होता है और ट्राफिक जाम से निजात मिलती है। उन्होंने कहा ,'' साइकिलिंग मुहिम के तहत हम दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि साइकिलिंग से हमारा स्वास्थ्य, पर्यावरण और धरती की सुरक्षा में मदद मिलती है।''

# सिंधू चाइना ओपन के दूसरे दौर से बाहर

**शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही, चीन की खिलाड़ी चेन से हार गई**

एजेंसी ▶▶| चांग्झू



भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर के मैच में चीन की खिलाड़ी चेन युफेई से तीन गेम के कड़े मुकाबले में हारकर चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में सिंधू विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई से 21-16, 20-22, 18-21 से हार गईं।

हैदराबाद की रहने वाली 30 वर्षीय सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था और उन्हें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। पहले गेम से ही यह स्पष्ट हो गया था कि मुकाबला काफी कड़ा होने वाला है। भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-13 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर दिया था। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल करके पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में वापसी करने की बारी चेन की थी। सिंधू ने चार मैच प्वाइंट गंवाए।

### चेन ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली चेन ने 16-20 की स्थिति से वापसी करते हुए यह गेम 22-20 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन अंत में चेन ने 17-17 के स्कोर से बढ़त बनाकर मैच अपने नाम कर दिया।

## इंग्लैंड ने अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी हासिल की थी

# द ओवल में अगले साल नौ जून से खेला जाएगा डब्ल्यूटीसी फाइनल

एजेंसी ▶▶| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल नौ से 13 जून तक 'द ओवल' में खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पिछले साल 2027, 2029 और 2031 के अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी के अधिकार हासिल किए थे। प्रत्येक चरण के लिए मैदान का चयन मेजबान बोर्ड इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) करेगा। अब तक खेले गए डब्ल्यूटीसी के तीनों फाइनल भी ब्रिटेन में ही आयोजित हुए हैं। यह दूसरा मौका होगा जब 'द ओवल' डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा।



### अब भी सभी नौ टीमें फाइनल की दौड़ में

इससे पहले 2023 में यहां फाइनल खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर टेस्ट चैंपियनशिप की गदा (मेस) अपने नाम की थी। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के समाप्त होने में अब एक साल से भी कम समय बचा है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। अब भी सभी नौ टीमें फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं।

### मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर

ऑस्ट्रेलिया ने अपने आठ में से सात टेस्ट जीतकर 87.50 प्रतिशत अंक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर मजबूत पकड़ बना रखी है। उसके बाद मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 72.22 प्रतिशत अंक के साथ दक्षिण अफ्रीका के करीब बना हुआ है जबकि बांग्लादेश ने मई में पाकिस्तान को 2-0 से हराकर 58.33 प्रतिशत अंक के साथ फाइनल की दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।

### भारत पांचवें स्थान पर है

दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेल चुकी भारतीय टीम नौ टेस्ट में चार जीत के बाद 48.15 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर है। उसके ठीक पीछे श्रीलंका 41.67 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर है। इंग्लैंड (24.36 प्रतिशत), वेस्टइंडीज (15 प्रतिशत) और पाकिस्तान (8.33 प्रतिशत) को फाइनल में पहुंचने के लिए अंक तालिका में लंबी छलांग लगानी होगी।





# किसी भी सूरत में नाविकों और बुनियादी ढांचे पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## मनीला में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में जयशंकर की दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में एक बार फिर से शुरू हुए अमेरिका और ईरान युद्ध की वजह से बढ़ते तनाव के बीच भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने गुरुवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में हुए '21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' (ईएएस) के मंच से पूरी दुनिया को साफ शब्दों में यह संदेश दे दिया है कि नई दिल्ली सभी पक्षों से इस संघर्ष को समाप्त कराने के लिए बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करती है। साथ ही वह किसी भी परिस्थिति में समुद्री क्षेत्र में काम कर रहे नाविकों, नागरिकों, जहाजों की आवाजाही और बुनियादी ढांचे पर हमले के सख्त खिलाफ है। अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के मुताबिक, वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग पूरी तरह से सुरक्षित रहने चाहिए और वहां पर नौवहन की स्वतंत्रता किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है।



### चीन की दादागिरी मंजूर नहीं

उन्होंने अपने संबोधन में दुनिया के बाकी भागों में चल रहे कुछ अन्य आक्रामक मुद्दों पर भी अपना पक्ष रखा। जिसमें दक्षिण चीन सागर में चीन की लगातार बढ़ती जा रही उग्रता के मामले पर पर कहा कि भारत एक ठोस, प्रभावी और कानूनी रूप से बाध्यकारी कोड ऑफ कंडक्ट (सीओसी) का समर्थन करता है। जो कि पूरी तरह से वर्ष 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्र विधि समझौते (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होना चाहिए। इसके अलावा इसमें सभी उपयोगकर्ताओं के वैध अधिकारों को पूर्वाग्रह से नही देखा जाना चाहिए। जयशंकर ने चीन का प्रत्यक्ष रूप से नाम लिए बगैर सम्मेलन में यह टिप्पणी की है। म्यांमार में बनी हुई मौजूदा अस्थिरता का उल्लेख भी उन्होंने इस बैठक के दौरान करते हुए कहा कि हम इस मसले का राजनीतिक समाधान ढूंढने के पक्ष में हैं। हमारा यह रुख आसियान के प्रयासों को समर्थन देने के साथ-साथ जारी रहेगा।

### फिलिस्तीन पर चाहिए द्विराष्ट्र समाधान

वहीं, दूसरी ओर भारत आसियान की केंद्रीयता, क्षेत्रीय स्थिरता और एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र की प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए तैयार है। फिलिस्तीन के मामले में विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे देश ने अब तक किए गए राहत और पुनर्वास में सराहनीय रूप से योगदान दिया है। फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) एक बड़े दानदाता के रूप में उभरी है। भारत का मानना है कि इस मसले पर द्वि-राष्ट्र समाधान ही एक स्थायी और टिकाऊ शांति की ओर ले जा सकता है।

### ऊर्जा-खाद्य सुरक्षा ने बढ़ाई चिंता

जयशंकर के मुताबिक, वर्तमान समय में दुनियाभर की अर्थव्यवस्था बहु-संघर्षों के प्रभावों से जूझ रही है। ऐसे में खाद्य, ऊर्जा और स्वास्थ्य सुरक्षा को किसी भी रूप में हल्के में नहीं लिया जा सकता है। मेरा यह बयान खासतौर पर वैश्विक दक्षिण के देशों पर केंद्रित है। उनके द्वारा उक्त विषयों पर बनी हुई चिंताओं और प्रभावों को कहीं से भी नकारा नहीं जा सकता है। लेकिन इन सबके बीच वैश्विक व्यवस्था परस्पर निर्भरता, आपसी हितों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के साथ अनिश्चित और अस्थिर बनी हुई है। फिर भी नई क्षमताओं, जोखिमों और संबंधों के जरिए संरचनात्मक बदलाव हो रहे हैं। राजनीति और सुरक्षा आर्थिक पक्ष तथा दक्षता पर हावी हो रही है। जबकि दूसरी ओर जोखिम लेने और सीमाओं को तोड़ने की प्रवृत्ति भी तेजी से चारों ओर बढ़ रही है।

### साइबर धोखाधड़ी केंद्रों के खिलाफ हो कार्रवाई

विदेश मंत्री ने गुजरे समय में बड़ी तादाद में भारतीयों को अपना शिकार बनाने वाले साइबर धोखाधड़ी केंद्रों के विरूद्ध सामूहिक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने सम्मेलन में इस साल भारत द्वारा ईएएस की दो प्रमुख गतिविधियों की मेजबानी करने की भी घोषणा की। जिसमें कोच्चि में होने वाला सातवां ईएएस समुद्री सुरक्षा सहयोग सम्मेलन और गुजरात के प्राचीन बंदरगाह शहर लोथल में होने वाला समुद्री विरासत उत्सव शामिल हैं।

## मनीला में आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) मंत्रिस्तरीय बैठक में विदेश मंत्री की पाकिस्तान को खरी-खरी

# आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति होनी चाहिए: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को फिलीपींस में हुए 33वें आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए आतंकवाद के मामले को पुरजोर अंदाज में उठाते हुए इसे लेकर बनी हुई नई दिल्ली की जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता) की नीति को सभी भागीदार पक्षों से अपनाने की वकालत की है। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवादी हमलों या ऐसे किसी भी कृत्य का करारा जवाब दिया जाएगा। जिसे लेकर किसी को भी कोई संदेह नहीं होना चाहिए। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले तमाम वित्तीय संसाधनों पर प्राथमिकता के साथ रोक लगाई जानी चाहिए। जयशंकर के मुताबिक, भारत मलेशिया के साथ एडीएमएम प्लस ईडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्षता करता है। जिसमें सर्वोत्तम प्रथाओं के संकलन तैयार करने में नेतृत्व प्रदान किया जा रहा है। यह जानकारी उन्होंने एक्स पर की गई अपनी एक पोस्ट के माध्यम से दी है।

## एआई पर दोहराया मानव केंद्रित दृष्टिकोण



सम्मेलन के दौरान उन्होंने कई अन्य मामलों पर भी बेबाक अंदाज में अपनी राय रखी। जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर जयशंकर ने कहा कि एआई पर भारत की सोच एक जिम्मेदार और मानव केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने पर केंद्रित है। हमने साइबर अपराधों व बाकी मुद्दों पर गहरे सहयोग को समर्थन प्रदान किया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण को कमजोर बनाने वालों के खिलाफ सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## एआरएफ के महत्व को दी मान्यता

वर्तमान में बने हुए मुश्किल दौर में विदेश मंत्री ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में राजनीतिक और सुरक्षा मामलों पर चर्चा के लिए एआरएफ के महत्व को मान्यता प्रदान की है। उन्होंने मनीला कार्य योजना का भी सम्मेलन के दौरान स्वागत किया और इसकी पांच आधारशिलाओं को भारत के हिंद-प्रशांत के दृष्टिकोण से समानता के आधार पर जुड़ा हुआ भी करार दिया।

### आपदा राहत में सहयोगी नजरिया महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि भारत आपदा लचीले ढांचे के लिए गठबंधन का समर्थन करता है। जिससे सहयोगी दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सकता है। साथ ही इस बाबत सर्वोत्तम प्रथाओं को एक-दूसरे के साथ बांटना, सामान्य एसओपी विकसित करना और वास्तविक समय तथा टेबलटॉप अभ्यास भी किए जाने चाहिए। भारत आपदा को लेकर लचीले ढांचे की कवायद के बीच कई कार्यों को प्रमुखता के साथ अंजाम देने में लगा हुआ है। जिसमें फील्ड अस्पताल की तैनाती करना, खोज-बचाव अभियान चलाना और राहत सामग्री के साथ-साथ चिकित्सा आपूर्ति भेजना शामिल है। हालिया समय में श्रीलंका, फिलीपींस और जमैका में चक्रवात से लेकर म्यांमार, वेनेजुएला और अफगानिस्तान में भूकंप के लिए पुनर्वास कार्य किया गया है।

### समुद्री क्षेत्र सुरक्षा के लिए उठाए कदम

विदेश मंत्री ने सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिए नई दिल्ली द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का भी बढ़-चढ़कर उल्लेख किया। जिसमें उन्होंने बताया कि भारत में सूचना फ्यूजन सेंटर, हिंद-प्रशांत समुद्री जागरूकता पहल, उत्तर अरब सागर से पश्चिमी प्रशांत तक भारतीय बलों की तैनाती, समुद्री डकैती, तस्करी तथा नशीले पदार्थों के व्यापार का मुकाबला करने के अलावा समुद्री व्यापार को सुरक्षित बनाए रखने में योगदान दिया जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर के एलजी सिन्हा ने बैठक में दिए निर्देश

# सुरक्षा खतरों से निपटने और खतरों को समाप्त करने आतंकवादी विरोधी अभियान में तेजी लाएं



एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी द्वारा एक पुलिसकर्मी को मारे जाने के एक दिन बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र शासित प्रदेश में उभरती सुरक्षा चुनौतियों और खतरों को समाप्त करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करें। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने ये निर्देश दिए।

### आतंकी की तस्वीर जारी

बैठक में बताया गया कि आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घाटी के अलग-अलग जिलों से आतंकियों के 3,000 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर को पकड़ा। हमलावरों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है और पुलिस ने आतंकवादी की एक तस्वीर भी जारी की है और लोगों से अपील की है कि देखने पर वे रिपोर्ट करें। वहीं, हेड कांस्टेबल आशिक कुरैशी को पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि दी गई।

### आतंकियों के मकान ध्वस्त किए

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की मौत के कुछ घंटे बाद प्रशासन ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के मकान ढहा दिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सक्रिय आतंकवादी आदिल ठोकर और हारून रशीद गनई के मकान बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात ध्वस्त कर दिए गए। यह कार्रवाई बुधवार दोपहर अनंतनाग के लाल चौक में ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन की आतंकी द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के की गई।






# डीआरडीओ ने दो निजी कंपनियों के साथ किए एमओयू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की हवाई निगरानी और रक्षा क्षमता को नई मजबूती देने की दिशा में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यू एंड सी) मार्क-2 कार्यक्रम के तहत किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इससे भारतीय वायुसेना की निगरानी, कमान और नियंत्रण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। साथ ही, आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई गति मिलेगी।



### कंपनियां विकास और उत्पादन करेंगी

पहला समझौता एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड के साथ किया गया है। इसके तहत छह ए321 यात्री विमानों को सैन्य उपयोग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इन विमानों में विशेष उपकरण और अत्याधुनिक प्रणालियां लगाकर उन्हें एईडब्ल्यू एंड सी मार्क-2 विमान के रूप में विकसित किया जाएगा। दूसरा समझौता अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ हुआ है। कंपनी इस परियोजना में विकास एवं उत्पादन साझेदार की भूमिका निभाएगी।

## आसियान के मंच से की गई पाक उप-प्रधानमंत्री की टिप्पणी को भारत ने किया खारिज

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे

# बोले जायसवाल, सीमापार आतंकवाद के प्रायोजक की अपनी छवि से ध्यान भटकाने की पाकिस्तान की नापाक कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

फिलीपींस की मेजबानी में हुए 33वें आसियान क्षेत्रीय मंच में आतंकवाद के मामले पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के बयान से पाकिस्तान को बुरी तरह से मिर्ची लगी है। जिसके बाद पड़ोसी दुश्मन देश के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में काफी ऊलजलूल टिप्पणी की। मामला बेहद गंभीर और संवेदनशील था, जिस पर तुरंत भारत की प्रतिक्रिया आई और उसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की टिप्पणी को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने मामले पर गुरुवार को कहा कि पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री द्वारा दिया गया बयान पूरी तरह से निराधार है। उनकी इस अनुचित और अस्वीकार्य टिप्पणी को भारत दो टूक अंदाज में सिरे से नकारता है। हालांकि हमें इस बात को लेकर कोई अचरज नहीं है कि पाकिस्तान द्वारा एक बार फिर से आसियान के बहुपक्षीय मंच का इस्तेमाल आतंकवाद के मामले पर अपने मिथ्या दावों को बढ़ावा देने, राज्य प्रायोजित दुष्प्रचार को फैलाने और सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करने के अपने चर्चित रिकॉर्ड से ध्यान भटकाने की कोशिशों के हिस्से के रूप में किया गया है। यहां बता दें कि बैठक में इशाक डार ने पुनः कश्मीर का राग अलापा और कहा कि जम्मू-कश्मीर का मुद्दा भारत-पाकिस्तान के मध्य तनाव और दक्षिण एशिया में अस्थिरता का मुख्य कारण रहा है।



### स्थगित है सिंधु जल संधि

जायसवाल ने यह भी कहा कि जहां तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर पाकिस्तानी मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी का मसला है। तो यह पूरा इलाका भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा बना रहेगा। इस विषय पर पाकिस्तान को टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं, सिंधु जल संधि को लेकर भारत के रुख में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं आया है। यह आज भी पहले की तरह ही स्पष्ट और अपरिवर्तित बना हुआ है। पाकिस्तान द्वारा पिछले साल 2025 में किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले के साथ ही सीमापार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देने की वजह से हमने सिंधु जल संधि को स्थगित रखा है। यह संधि तब तक स्थगित रहेगी। जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त नहीं करेगा।

### आतंकी ढांचों को नष्ट करे पाकिस्तान

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपने पड़ोसी देशों (भारत) पर सवालिया निशान लगाने और वैश्विक मंचों का दुरुपयोग करने की जगह पर खुद के लिए और अपनी आम जनता की भलाई के लिए सबसे पहले पाकिस्तानी जमीन पर बने हुए आतंकी ढांचे को नेस्तनाबूद करने और अपने खुद के घर को व्यवस्थित करने पर होना चाहिए। भारत पाकिस्तान द्वारा यूं आधिकारिक रूप से उसके खिलाफ प्रायोजित दुष्प्रचार फैलाने की लगातार बढ़ती प्रवृत्ति की भी कड़े शब्दों में निंदा करता है। जिसे वह आमतौर पर फितना अल हिंदुस्तान जैसे धार्मिक शब्दों का प्रयोग कर प्रस्तुत करता है। नई दिल्ली का यह भी मानना है कि पाकिस्तान या उनकी सत्ता व्यवस्था की यह कोशिश अपनी आंतरिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्कों की सुरक्षित पनाहगाह के रूप में स्थापित हो चुकी भूमिका से ध्यान भटकाने का एक कभी सफल न होने वाले प्रयास का हिस्सा है।


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109